Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार मूर्तियां एवं समस्त पूजन सामग्री संगमरमर व पीतल की मूर्तियां राशि रत्न एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
माँ दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पताः- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 07, अंक 154 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | रायपुर, बुधवार 06 अगस्त 2025 | www.samaydarshan.in

पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना
CSPDCL छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
डबल सब्सिडी
केंद्र के साथ अब मिलेगी राज्य की भी सब्सिडी
मासिक बिजली बिल से कम पैसों में
लगाएं रूफटॉप सोलर प्लांट
1kW मात्र ₹15,000 में
2kW मात्र ₹30,000 में
आवेदन प्रक्रिया व अधिक जानकारी के लिए नीचे दिए लिंक पर जाएं
https://pmsuryaghar.gov.in/
हमारा संकल्प : हाफ बिजली से मुफ्त बिजली
श्री विष्णु देव साय, माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी, माननीय प्रधानमंत्री
*बैंक द्वारा 6% ब्याज दर पर आसान किश्तों में 10 वर्षों के लिए ऋण सुविधा (EMI) उपलब्ध

एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, जिला प्रशासन और अन्य संबंधित टीमें युद्ध स्तर पर जुटी

उत्तरकाशी में तबाही: बादल फटा...बह गए गांव के गांव, चारों तरफ मची चीख पुकार; कइयों की मौत

देहरादून (एजेंसी)। उत्तरकाशी के धराली गांव में मंगलवार को बादल फटने से खीरगंगा में भयंकर बाढ़ आ गई। डीएम प्रशांत आर्य ने बताया की धराली आपदा में अब तक चार लोगों की मौत हुई है। जबकि कई लोगों के मलबे में दबे होने की सूचना है। पानी के इस सैलाब में कई गांव के गांव प्रभावित हुए हैं। पानी अपनी ओर आता देख लोगों में चीख पुकार मच गई। कई होटलों में पानी और मलबा घुस गया है। धराली बाजार पूरी तरह तबाह हो गया है। कई होटल दुकाने ध्वस्त हो चुकी हैं। हादसे के बाद तबाही के कई वीडियो सामने आए हैं, जिन्हें देखकर इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह आपदा कितनी बड़ी और विकराल है।

धराली उत्तरकाशी क्षेत्र में बादल फटने से हुए भारी नुकसान का सीएम धामी ने गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव कार्यों के लिए एसडीआरएफ एनडीआरएफ जिला प्रशासन और अन्य संबंधित टीमें युद्ध स्तर पर जुटी हुई हैं। इस सम्बन्ध में लगातार वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क में हूं। हर्षिल में सेना के कैंप के पास तेलगाड़ नाला भी उफान पर आया। सेना का बेस कैंप और हेलीपैड तबाह। जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। वहीं, गंगोत्री हाईवे भी बंद हो गया है। बाढ़ ने निचले इलाके में भारी तबाही मचाई। यहां कई होटल और घर मलबे में दब गए और कई लोग लापता हैं। जिसे देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं।

उत्तराखंड आपदा प्रबंधन विभाग ने भारत सरकार को दो एमआई और एक चिनूक हेलिकॉप्टर राहत और बचाव कार्य के लिए देने का अनुरोध किया है।

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर प्रियंका गांधी का बयान ,मेरा भाई सेना का बहुत सम्मान करता है

नई दिल्ली। भारत-चीन झड़प (9 दिसंबर 2022) पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा जताई गई नाराज़गी पर कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि एक सच्चा भारतीय कौन है, यह तय करने का अधिकार किसी को नहीं है, और न ही यह न्यायपालिका का दायरा है। प्रियंका गांधी ने कहा, वे यह तय नहीं करते कि एक सच्चा भारतीय कौन है। यह विपक्ष के नेता का कर्तव्य है कि वह सरकार से सवाल पूछे, खासकर जब बात देश की सुरक्षा और सीमाओं की हो। मेरा भाई कभी भी भारतीय सेना के खिलाफ कुछ नहीं कह सकता। वह सेना का सर्वोच्च सम्मान करता है।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का निधन

बिहार सहित 4 राज्यों के राज्यपाल रहे

नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में निधन हो गया। उन्होंने दोपहर 1:12 बजे अंतिम सांस ली।

सत्यपाल मलिक लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। 11 मई को हालत ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वे जम्मू-कश्मीर, बिहार, गोवा और मेघालय के राज्यपाल रहे। 2018 में ओडिशा के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला।

सत्यपाल 23 अगस्त 2018 से 30 अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल रहे। इन्हीं के कार्यकाल के दौरान ही आज ही के दिन 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटाया गया था।

22 मई को सत्यपाल मलिक समेत 5 लोगों के खिलाफ जम्मू-कश्मीर के किरू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें करीब 2,200 करोड़ रुपए के सिविल वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट में गड़बड़ी का आरोप है।

CSPDCL छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
सस्ती नहीं, मुफ्त बिजली की ओर बढ़ता छत्तीसगढ़
श्री विष्णु देव साय, माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी, माननीय प्रधानमंत्री
31 लाख परिवारों को मिल रहा हाफ बिजली बिल योजना का लाभ
15 लाख BPL परिवारों को 30 यूनिट फ्री + हाफ बिजली बिल योजना का लाभ
डबल सब्सिडी केंद्र के साथ मिल रही राज्य की भी सब्सिडी
हर महीने 200-360 यूनिट तक बिजली उत्पादन
बिजली बिल होगा शून्य बची बिजली से होगी कमाई
उपभोक्ता से बनें ऊर्जादाता
पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना
मासिक बिजली बिल से भी कम ई.एम.आई. में लगाएं रूफ टॉप सोलर प्लांट

सोलर प्लांट क्षमता	केंद्र सरकार की सब्सिडी	राज्य सरकार की सब्सिडी	कुल सहायता राशि	आसान मासिक EMI
1 kW	₹30,000	₹15,000	₹45,000	₹167
2 kW	₹60,000	₹30,000	₹90,000	₹333
3 kW	₹78,000	₹30,000	₹1,08,000	₹800

*बैंक द्वारा 6% ब्याज दर पर आसान किश्तों में 10 वर्षों के लिए ऋण सुविधा (ई.एम.आई.) उपलब्ध
हमारा संकल्प हाफ बिजली से मुफ्त बिजली
आवेदन प्रक्रिया व अधिक जानकारी के लिए नीचे दिए लिंक पर जाएं
https://pmsuryaghar.gov.in/
मोर बिजली CSPDCL 1912 TOLL FREE
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

संक्षिप्त समाचार

लाखेनगर चौक में स्वतंत्रता सेनानी वामन राव लाखे की प्रतिमा लगाने की मांग

रायपुर (समय दर्शन)। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लाखे नगर चौक में हनुमान जी का मंदिर सड़क चौड़ीकरण के लिए हटाया गया था परंतु उस स्थान पर सड़क चौड़ीकरण करने की बजाय सौंदरीकरण कर मैना आकृति लगाई जा रही है । कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल के साथ नगर निगम कमिश्नर को ज्ञापन देकर लाखे नगर चौक में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय वामनराव लाखे की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की है । नगर निगम आयुक्त से एक प्रतिनिधि मंडल ने भेंट कर लाखे नगर चौक जो स्वर्गीय वामनराव लाखे के नाम पर जाना जाता है उस चौक में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मान देते हुए स्वर्गीय वामनराव लाखे की प्रतिमा लगाए जाने की मांग की । उल्लेखनीय है कि आजादी के बाद रायपुर में तीन स्थानों पर जय स्तंभ बनाए गए थे उनमें से एक जय स्तंभ, लाखे नगर में स्वर्गीय वामन राव लाखे की याद में बनाया गया था । वामनराव लाखे जी छत्तीसगढ़ के वरिष्ठतम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे । उनके योगदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता है ,उनकी याद में लाखेनगर चौक पर उनकी प्रतिमा स्थापित करने से परंपरा अनुसार अपने आजादी के नायकों का सम्मान कर पाएंगे । क्षेत्र के पूर्व पार्षद गोवर्धन शर्मा ने आयुक्त विश्वदीप से आग्रह किया कि प्रतिमा स्थापना के लिए आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ करें । आयुक्त ने आश्वस्त किया की स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मान और प्रतिमा स्थापना के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगे । ज्ञात हो कि 16 जुलाई को भी एक पत्र निगम आयुक्त को दिया गया था । प्रतिनिधि मंडल में सर्वश्री कन्हैया अग्रवाल, गोवर्धन शर्मा, कुलदीप धारीवाल ,नरेंद्र ठाकुर, मनोज सोनकर, संदीप तिवारी, प्रीति सोनी ,शरद गुप्ता, राजेश त्रिवेदी, रवि शर्मा ,गोलू कुशवाहा सहित कांग्रेस जन शामिल थे ।

कुम्हारी टोल प्लाजा अवैध, करोड़ों का हुआ टोल टैक्स घोटाला

कुम्हारी टोल प्लाजा में आम लोगों से 10 साल में हो रही अवैध वसूली का राशि किस खाते में जा रहा ?

रायपुर (समय दर्शन)। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कुम्हारी टोल प्लाजा को अवैध बताकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से बंद करने की मांग पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कुम्हारी टोल प्लाजा को अवैध बताया है फिर सरकार ने इसे अब तक बंद क्यों नहीं की है? किसके संरक्षण में 10 वर्षो से आम लोगों से अवैध वसूली हो रही है? जबकि 10 वर्ष पहले टोल प्लाजा में टोल टैक्स वसूली की समय सीमा खत्म हो गया। फिर रोज हजारों ट्रक, हजारों निजी वाहनों से लाखों रुपया क्यों वसूला जा रहा है? 10 साल से हो रही अवैध टोल टैक्स का पैसा किसके खाता में जमा हो रहा है? ये बड़ा टोल टैक्स घोटाला है इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिये। अवैध टोल टैक्स वसूली को रोकने राज्य सरकार को कानूनी कार्यवाही करना चाहिये। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का एक ही काम है आम जन की जेब से पैसा निकालना उसके लिए वह अनैतिक तरीकों को भी संरक्षण देते हैं, भाजपा सांसद ने टोल प्लाजा को अवैध बताकर भाजपा सरकार की अवैध वसूली की पोल खोल दी। आम जन टोल टैक्स वसूली के खिलाफ आवाज उठा रही है। कांग्रेस के नेता, कार्यकर्ता कई बार इसको बंद करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर चुके हैं। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को भी शिकायत पत्र सौंप चुके हैं, उसके बाद भी टोल टैक्स वसूली होना दाल में कुछ काल नहीं बल्कि पूरी दाल काली है। यह दर्शाता है यह एक बड़ा टोल टैक्स घोटाला है, इसकी जांच की जाए और तत्काल कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद किया जाए। राज्य सरकार कुम्हारी टोल प्लाजा में अवैध वसूली कर रहे लोगों पर कड़ी कार्रवाई करें।

अझपटमारी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग। जिले की थाना जामुल जिला पुलिस ने गोकुल धाम के पास आम सड़क पर झपटमारी कर एक युवक से नगदी रकम तथा मोबाईल फोन लूटने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा उनके कब्जे से नगदी 6,000 रूपये जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दीपक कुमार त्रिपाठीके निवासी आजाद चौक राम नगर वैशाली नगर द्वारा थाना जामुल में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 23.07.2025 को देवपाल पर्वत का दोस्त फोन कर बोला की शंकराचार्य अस्पताल जाना है कहकर अपने साथ लेकर निकला, जो पहले गोकुलधाम लेकर आया जहां पहुंचने पर पहले से ही इसका दोस्त देवपाल पर्वत खड़ा था जो धमकी देते हुए इसके पास रखा मोबाईल एवं नगदी 6,000 रूपये को झपट लिया।

जलाभिषेक के लिए विधायक ईश्वर साहू ने 18 किमी पदयात्रा की

साजा (समय दर्शन)। सावन माह के अंतिम सोमवार को साजा से सहसपुर तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गयी। विधायक ईश्वर साहू ने सपरिवार कांवड़ उठाकर 18 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए सहसपुर के प्राचीन शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। इस ऐतिहासिक आयोजन में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालु साजा स्थित महामाया मंदिर प्रांगण में एकत्र हुए। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल कलश भरकर यात्रा की शुरुआत हुई। कांवड़ यात्रा तेंदूभाठा, मोहगांव,देवकर होते हुए सहसपुर पहुंची। जहां हर गांव में ग्रामीणों ने फूलों की वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं भी कांवड़ लेकर पदयात्रा में शामिल हुई

जिससे आयोजन और भी भव्य और प्रेरणादायक बन गया। गंतव्य सहसपुर पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों ने कांवड़ियों का ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ स्वागत किया। मंदिर परिसर में भगवान शिव का जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के पश्चात् भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण किया। इस विशाल आयोजन में विधायक ईश्वर साहू के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा, उपाध्यक्ष प्रेरणा शौर्य,जीत सिंह, हरिशंकर टावरी,मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू, केशव पटेल,नारद वर्मा, जनपद अध्यक्ष जितेंद्र साहू,लुकराम साहू, त्रिलोकी साहू, नेतराम और नगर पंचायत साजा के पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण शामिल हुए।

चोरी हुए बोलेरो कैम्पर वाहन को 07 दिन के अंदर बिहार से किया गया बरामद,जिला सारण बिहार राज्य जाकर किरन्दुल पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही

चोरी का पता लगाने में सायबर सेल की तकनीकी सहायता की अहम भूमिका

दंतेवाड़ा। किरंदुल प्रार्थी केदार साहू निवासी किरंदुल द्वारा बोलेरो कैम्पर वाहन क. ष्टत्र-18च्य-7386 को गैरेज के सामने दिनांक 25.07.2025 के रात्रि 08:30 बजे खड़ा किया था! सुबह करीबन 08:10 बजे प्रार्थी अपने गैरेज खोलने गया तो देखा कि बोलेरो कैम्पर वाहन खड़ी किये जगह पर नहीं था! प्रार्थी का बोलेरो कैम्पर वाहन कीमती लगभग 3,20,000/-रू. को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना किरन्दुल में अपराध क्रमांक 41/2025 धारा 303(2) बी.एन.एस. अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक, दंतेवाड़ा गौरव राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.के. बर्मन के मार्ग दर्शन एवं एसडीओपी किरन्दुल कपिल चंद्रा के पर्यवेक्षण में प्रकरण के चोरी गये वाहन एवं आरोपी का शीघ्र गिरफ्तार करने दिशा निर्देश प्राप्त होने पर थाना प्रभारी किरंदुल निरीक्षक संजय यादव द्वारा तत्काल टीम गठन कर आरोपी एवं चोरी गये सम्पत्ति बोलेरो कैम्पर वाहन क्रमांक ष्टत्र-18 च-7386 के पतातलाश प्रारंभ किया गया!इस दौरान जगदलपुर से रायपुर तक के वाहन गुजरने के संबंध में जानकारी लेने पर कोई जानकारी प्राप्त नही हुआ तब पड़ोसी राज्यों आंध्रप्रदेश, तेलांगाना एवं ओडिशा में पतासाजी किया गया। जो ओडिसा के बरगढ़, से संबलपुर से होकर उक्त वाहन दिनांक 26.07.2025 को गुजरने का पत्ता चला जिसके सीसीटीवी फुटेज में प्रार्थी के पूर्व वाहन चालक आकाश तिवारी निवासी के द्वारा चोरी करने की पुष्टि होने पर वरिष्ठ कार्यालय से बिहार राज्य जिला-सारण जाने अनुमति प्राप्त कर थाना किरन्दुल से टीम रवाना किया गया ! परसा थाना इसुआपुर जिला-सारण (बिहार) पहुंचकर पतासाजी किया गया! आरोपी गिरफ्तारी की डर से वाहन को छोड़कर भाग गया। बोलेरो कैम्पर वाहन क. ष्टत्र-18 च 7386 जो दिनांक 01.08.2025 को बरामद किया गया ।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना किरंदुल से सउनि. उत्तम कुमार ध्रुव, प्र0 आर0 ओमप्रकाश कश्यप, मधुकांत मरकाम, आरक्षक सुभाष प्रसाद, मकसूदन मंडावी एवं सायबर सेल दंतेवाड़ा टीम की महत्पपूर्ण भूमिका रही।

स्वतंत्रता दिवस स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत, प्रमुख स्टेशनों पर स्वच्छता जागरूकता अभियान

सैनिटेशन वर्कशॉप का किया गया आयोजन

रायपुर । स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय रेलवे द्वारा 01 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक स्वतंत्रता दिवस स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस क्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुरपुर मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर स्वच्छता पर आधारित जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान प्रत्येक दिन एक विशिष्ट थीम निर्धारित की गई है, जिसके अनुसार विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही है। रेलवे का यह प्रयास है कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता को जन आंदोलन का रूप दिया जाए।

इस विशेष पखवाड़े की शुरुआत 01 अगस्त 2025 को मंडल रेल प्रबंधक दयानंद द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाने के साथ की गई थी 7 इसके पश्चात 02 अगस्त 2025 को प्रभात फेरी के माध्यम से आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने का संदेश दिया गया। जिसमें रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों, स्काउट्स एंड गाइड्स, स्कूलों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।

03 अगस्त 2025 को रायपुर, दुर्ग, भिलाई, दल्ली राजहरा सहित मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर पोस्टर प्रदर्शनी, नारा लेखन, स्लोगन प्रतियोगिता, स्टेशन परिसर में सफाई अभियान, यात्रियों को, सार्वजनिक उद्घोषणा, नुक्कड़ नाटक एवं संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया 7 और सुंदर बनाने के लिए कर्मचारियों तथा यात्रियों को प्रेरित किया गया।

04 अगस्त 2025 को मंडल के वाणिज्य एवं चिकित्सा विभागों के संयुक्त तत्वावधान में दुर्ग रेलवे स्टेशन,कोचिंग डिपो दुर्ग पीपी यार्ड भिलाई परिसर, आस-पास के क्षेत्रों तथा रेल कॉलोनियों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में रेलवे परिसर एवं निकटवर्ती क्षेत्रों में श्रमदान के माध्यम से स्टेशन परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए कर्मचारियों तथा यात्रियों को प्रेरित किया गया। रेल पटरियों के निकट एवं उनके आसपास श्रमदान करते समय सुरक्षा के सभी आवश्यक उपाय अपनाए गए। चिकित्सा विभाग द्वारा रेल कॉलोनियों, कार्यालयों एवं अन्य संस्थानों में भी स्वच्छता एवं रखरखाव के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों और महिलाओं की भागीदारी भी देखी गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य और स्वच्छता से संबंधित जागरूकता अभियान भी चलाए गए।

स्वच्छता के प्रति जागरूकता को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं रेलवे कार्यालयों में सैनिटेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

इन वर्कशॉप्स का उद्देश्य कर्मचारियों को स्वच्छता के महत्व, व्यक्तिगत हाइजीन, सामूहिक सफाई व्यवस्था, अपशिष्ट प्रबंधन एवं आधुनिक सफाई तकनीकों के प्रति जागरूक करना रहा। वर्कशॉप में स्वच्छता से जुड़ी व्यवहारिक जानकारियाँ प्रदान की गईं एवं कर्मचारियों को स्टेशन परिसर, कार्यालयों, वर्कशॉप एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही, उन्हें सैनिटेशन उत्पादों के प्रभावी उपयोग, साफ-सफाई की वैज्ञानिक विधियों तथा पर्यावरण अनुकूल तरीकों के बारे में जानकारी दी गई।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने किया कोबीया स्थित निर्माणाधीन अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार कार्यालय का निरीक्षण, गुणवत्ता पर विशेष जोर

बेमेतरा (समय दर्शन)। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने आज जिला मुख्यालय अंतर्गत कोबीया क्षेत्र में निर्माणाधीन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार कार्यालय भवन का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन निर्माण की प्रगति, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता तथा कार्य की समयसीमा की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्माण एजेंसी और ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय आम जनता से सीधे जुड़ा हुआ है, इसलिए इसकी संरचना, सुविधा और टिकाऊपन सर्वोत्तम स्तर

की होनी चाहिए। निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण हो, यह सुनिश्चित किया जाए ताकि क्षेत्रीय जनता को शीघ्र ही बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध हो सकें। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) श्री प्रकाश भारद्वाज, संबंधित विभागों के इंजीनियर, राजस्व विभाग के कर्मचारी एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की नियमित निगरानी की जाए और गुणवत्ता मानकों का सतत परीक्षण किया जाए।

मध्यम वर्गीय लोगों पर सरकार की एक और मार - कन्हैया

बिजली बिल ऑफयोजना से बाहर हुए मध्यम वर्गीय

रायपुर (समय दर्शन)। मध्यवर्गीय नागरिक संगठन के प्रदेश संयोजक कन्हैया अग्रवाल ने बिजली बिल हाथ योजना में किए गए परिवर्तन को निम्न मध्यम वर्गीय और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए सरकार की करारी चोट बताते हुए कहा कि भाजपा की सरकार बनाने में सबसे बड़ी भूमिका निभाने वाले मध्यवर्गीय और निम्न मध्यम वर्गीय परिवारों को बड़ा झटका दिया है ।

उन्होंने कहा कि सीधे तौर पर 14 लाख मध्यम वर्गीय परिवारों को बिजली बिल हाफ योजना से बाहर किया गया है । सरकार के झटके का शिकार निम्न वर्गीय तबका भी होगा जो 100 यूनिट से एक यूनिट अधिक जलने पर 100 यूनिट में मिलने वाली छूट से वंचित होगा । यह केवल 14 लाख लोगों को सरकार ने झटका नहीं दिया है बल्कि 14 लाख परिवारों के साथ-साथ भविष्य में 15 लाख और परिवार भी झटके का शिकार होंगे । विधानसभा चुनाव के दौरान दी गई मोदी की गारंटीयों पर सरकार काम नहीं कर पा रही है । 500 रुपए में सिलेंडर का वादा 18 महीने बाद भी पूरा नहीं हुआ है लेकिन कांग्रेस की सरकार द्वारा प्रदेश के प्रत्येक परिवार को 400 यूनिट तक दी जा रही 50त्न की छूट को समाप्त कर तगड़ा झटका दिया है । उन्होंने कहा कि इसका बदला मध्यमवर्गीय और निम्न मध्यम वर्गीय परिवार के लोग जरूर लेंगे । सरकार को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए और कांग्रेस की सरकार के द्वारा जारी बिजली बिल हाफ की योजना को यथावत रखना चाहिए ।

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा पर कार्यवाही

अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करते एक महिला सहित 05 अन्तर्राज्जीय तस्कर पुलिस की गिरफ्त में

थाना सिंघोड़ा के 03 प्रकरणों में 05 आरोपियों के कब्जे से कुल 18 किलों ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 2,70,000 रूपये एवं 05 नग मोबाईल कीमती 37,000 रूपये 01 नग मोटर सायकल कीमती 50000 रूपये कुल कीमती 3,57,000 रूपये जप्त।

सरायपाली नृपनिधी पाण्डेय (समय दर्शन) - एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एवं सिंघोड़ा पुलिस की टीम के द्वारा एन एच 53 रोड रेहटीखोल के पास दो व्यक्तियों को रोका गया जिन्हे नाम पता पूछने पर अपना नाम (01) थापा सूरज किशन पिता थापा किशन उम्र 26 साल साकिन अपार्टमेंट ए एल/5/29/14 बेथेल चारीटेबल आफ इंडिया नियर अभुथिया बैक 17 सेक्टर नई मुम्बई थाना ठाणे जिला ठाणे महाराष्ट्र (02) परसूराम राजु खडगे पिता राजु खडगे उम्र 30 साल साकिन अम्बेडकर नगर बुद्ध बिहार के पास दिघा नई मुम्बई थाना ठाणे जिला ठाणे महाराष्ट्र का निवासी होना बताये पुलिस टीम के द्वारा दोनो के पिठ्ठू बैग की तलाशी ली गई तो बैग के अंदर कुल 10किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिलने से मौके पर आरोपीयो को गिरफ्तार कर 10 किलोग्राम गांजा कीमती 1,50,000 रूपये एवं 01 नग मोबाईल कीमती 3000 रूपये कुल जुमला कीमती 153000 रूपये जप्त किया गया। तथा प्रकरण (02) थाना सिंघोडा क्षेत्र में दिनांक 04.08.2025 को एंटी नारकोटिक्स टस्क फोर्स की टीम एवं पुलिस की टीम के द्वारा एन एच 53 रोड रेहटीखोल के पास एक व्यक्ति को पकडा गया तथा नाम पता पूछने पर अपना नाम (03) आकिब अली पिता अयुब अली उम्र 23 साल साकिन वार्ड नंबर 03 फूटेरा मलयाला मोहल्ला दमोह थाना दमोह जिला दमोह मध्यप्रदेश स्थायी पता ग्राम धमधा वार्ड नंबर 07 गंजपारा थाना धमधा जिला दूर्ग छत्तीसगढ का निवासी होना बताया पुलिस टीम के द्वारा पिठ्ठू बैग की तलाशी ली गई तो बैग के अंदर कुल 03किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिलने से मौके पर आरोपी को गिरफ्तार कर 03 किलोग्राम गांजा कीमती 45000रूपये एवं 02 नग मोबाईल कीमती 23000 रूपये कुल जुमला कीमती 68000 रूपये जप्त किया गया। प्रकरण (03) थाना सिंघोडा क्षेत्र में दिनांक 04.08.2025 को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एवं पुलिस की टीम के द्वारा एन एच 53 रोड सिल्की ढाबा के सामने ग्राम गनियारीपाली के पास एक व्यक्ति एवं महिला को पकडा गया तथा नाम पता पूछने पर अपना नाम (04) सतीश कुमार साहू उर्फ संतोष पिता होरीलाल साहू उम्र 46 वर्ष सा. वार्ड नं. 16 बजरंग मंदिर के पास छिंदवाडा म.प्र. एवं महिला (5) रोशनी यादव पति राकेश यादव उम्र 32 वर्ष सा. बनगांव थाना अमरवाडा जिला छिंदवाडा म.प्र. का निवासी होना बताये पुलिस टीम के द्वारा पिठ्ठू बैग की तलाशी ली गई तो बैग के अंदर कुल 05 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिलने से मौके पर आरोपीयों को गिरफ्तार कर 05 किलोग्राम गांजा कीमती 75000 रूपये एवं 01 नग मोटर सायकल कीमती 50000 रूपये तथा 02 नग मोबाईल कीमती 11000 रूपये कुल जुमला कीमती 1,36,000 रूपये जप्त किया गया। पुलिस टीम के द्वारा थाना सिंघोड़ा के 03 प्रकरणों में 05 आरोपियों के कब्जे से कुल 18 किलों ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 2,70,000 रूपये एवं 05 नग मोबाईल कीमती 37,000 रूपये एवं 01 नग मोटर सायकल कीमती 50000 रूपये कुल जुमला कीमती 3,57,000 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध थाना सिंघोड़ा अपराध धारा 20(क्क) हृष्ठक्क- ड्डष्ह्ल के तहत् कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

रायपुर पुलिस ने किया अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स नेटवर्क का खुलासा

1 करोड़ की हेरोइन के साथ 9 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। रायपुर पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर एक बड़ी और निर्णायक कार्रवाई करते हुए अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स नेटवर्क का खुलासा किया है। इस नेटवर्क का संचालन पाकिस्तान से पंजाब होते हुए छत्तीसगढ़ तक किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान 412.87 ग्राम हेरोइन, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 करोड़ रुपए आंकी गई है, जब्त की गई। मामले में 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

ड्रग्स नेटवर्क का खुलासा- मुख्य तस्कर लवजीत सिंह उर्फ बंटी, पंजाब के गुरदासपुर का निवासी है, जो पाकिस्तान से हेरोइन मंगवाकर देशभर में सप्लाई करता था। रायपुर में नेटवर्क को सुवित श्रीवास्तव नामक स्थानीय आरोपी संचालित कर रहा था। टिकरापारा थाना क्षेत्र के कमल विहार सेक्टर-4 स्थित मकान को तस्करी का हब बनाया गया था, जहां पुलिस ने दबिश देकर हेरोइन जब्त की।

नेट कॉलिंग और वीडियो शेयरिंग से जुड़ते थे ग्राहक- आरोपी जांच एजेंसियों से बचने के लिए अंतरराष्ट्रीय नंबरों से नेट कॉलिंग का इस्तेमाल करते थे। ग्राहक को वीडियो कॉलिंग और लोकेशन शेयरिंग के जरिए माल डिलीवर किया जाता था। पूछताछ में पाकिस्तान से ड्रग्स मंगाने के पुख्ता इनपुट मिले हैं।

गिरफ्तार आरोपी- लवजीत सिंह उर्फ बंटी - गुरदासपुर, पंजाब

सुवित श्रीवास्तव - महावीर नगर, रायपुर

अश्वन चंद्रवंशी - जामसरा, राजनांदगांव

लक्ष्य परिफल राघव उर्फ लव - तेलीबांधा, रायपुर

अनिकेत मालाधरे - अवंति विहार, रायपुर

मनोज सेठ - बलौदा, महासमुंद

मुकेश सिंह - टाटीबंध, रायपुर

जुनैद खान उर्फ सैफ चिला - मौदहापारा, रायपुर

राजविंदर सिंह उर्फ राजू - कांकेर (वर्तमान में रायपुर)

क्या मिला कब्जे से

412.87 ग्राम हेरोइन

क्रेटा कार (छ्त्त 04 क्क॥ 7491)

कई मोबाइल फोन

ATM कार्ड, चेक बुक

तौल मशीन और अन्य नशीले पदार्थ इस्तेमाल की सामग्री

आईजी और एसएसपी की अगुवाई में कार्रवाई- पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। एक विशेष टीम बनाकर विदेशी कॉल्स, बैंक ट्रांजेक्शन, म्यूल अकाउंट्स की गहन जांच की गई थी। मामले में NDPS एक्ट की धारा 21(सी), 29 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की जांच जारी है।

डीजीपी से बधाई और इनाम की सिफारिश- इस बड़ी कार्रवाई पर पुलिस महानिदेशक ने रायपुर रेंज को बधाई दी है और टीम को पुरस्कार देने की अनुशंसा की है। यह कार्रवाई रायपुर पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है, जिससे राज्य में नशे के जाल को तोड़ने की दिशा में निर्णायक बढ़त मिली है।

स्वतंत्रता दिवस स्वच्छता पखवाड़ा: रायपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता जागरूकता अभियान

रायपुर। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में 'स्वतंत्रता दिवस स्वच्छता पखवाड़ा' के तहत स्वच्छता को लेकर विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 1 से 15 अगस्त तक मनाए जा रहे इस पखवाड़े में हर दिन एक विशिष्ट स्वच्छता थीम के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है।

सामूहिक श्रमदान और सैनिटेशन वर्कशॉप का आयोजन- आज, 4 अगस्त को वाणिज्य और चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दुर्ग स्टेशन, कोचिंग डिपो दुर्ग, पीपी यार्ड भिलाई, तथा रेल कॉलोनियों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। रेलवे कर्मचारियों, नागरिकों और बच्चों ने श्रमदान कर स्टेशन परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में योगदान दिया। साथ ही, स्वास्थ्य व स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया गया।

सफाई तकनीकों की दी गई जानकारी- स्वच्छता अभियान को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सैनिटेशन वर्कशॉप भी आयोजित की गईं, जिनमें कर्मचारियों को व्यक्तिगत हाइजीन, सामूहिक सफाई, अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण अनुकूल विधियों की जानकारी दी गई। उन्हें यह भी बताया गया कि स्टेशन, कार्यालय और वर्कशॉप जैसे सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए कौन-से सैनिटेशन उत्पाद और तकनीक अधिक प्रभावी हैं।

पोस्टर प्रदर्शनी से लेकर नुक्कड़ नाटक तक- अभियान की शुरुआत 1 अगस्त को मंडल रेल प्रबंधक दयानंद द्वारा सभी स्टेशनों पर स्वच्छता शपथ के साथ की गई। 2 अगस्त को स्काउट्स-गाइड्स और स्कूली बच्चों के साथ प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया।

3 अगस्त को रायपुर, दुर्ग, भिलाई, दल्ली-राजहरा जैसे प्रमुख स्टेशनों पर पोस्टर प्रदर्शनी, स्लोगन लेखन, स्टेशन परिसर की सफाई, यात्रियों से संवाद, नुक्कड़ नाटक और जनजागरूकता उद्घोषणाओं के माध्यम से स्वच्छता को मिशन के रूप में प्रस्तुत किया गया।

अभियान बना जनआंदोलन- रेलवे प्रशासन का यह प्रयास है कि स्वच्छता को सिर्फ एक दायित्व नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन का रूप दिया जाए। मंडल रेल प्रबंधक ने सभी स्टाफ और यात्रियों से अपील की कि वे स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाते हुए अपने परिवेश को स्वच्छ रखें। स्वच्छता पखवाड़ा 15 अगस्त तक चलेगा और इसमें शामिल सभी गतिविधियाँ नागरिक सहभागिता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो रही हैं।

निगम की सख्त कार्रवाई: जोन 1, 7 और 9 में अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर

रायपुर। नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर शहर के विभिन्न हिस्सों में अवैध निर्माणों के खिलाफ जोरदार अभियान चलाया गया। सोमवार को जोन 1, 7 और 9 की टीमों ने कई स्थानों पर अनधिकृत निर्माणों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया।

जोन 7: कोटा मार्ग में 200 वर्गफीट निर्माण ढहा

जोन 7 नगर निवेश विभाग ने कोटा मार्ग में बिना अनुमति बनाए गए लगभग 200 वर्गफीट क्षेत्र में किए गए निर्माण को तोड़ा। यह कार्रवाई जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के मार्गदर्शन में और कार्यपालन अभियंता ईश्वर लाल टावरे तथा उप अभियंता रूचिका मिश्रा की उपस्थिति में की गई।

जोन 1: गोगांव में नाली पर बने निर्माण पर कार्रवाई

गोगांव मुख्य मार्ग में नाली पर अवैध कब्जा कर बनाए गए निर्माण के कारण लगातार जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही थी। इस पर जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी के नेतृत्व में नगर निवेश विभाग की टीम ने जेसीबी की मदद से निर्माण ढहा दिया। कार्यपालन अभियंता डी.के. पैकरा और अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

जोन 9: कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में अतिक्रमण हटाया

तालाब किनारे अवैध कब्जे को हटाने की कार्रवाई जोन 9 द्वारा की गई। जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, सहायक अभियंता ओ.पी. वर्मा और उप अभियंता आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड क्रमांक 7 में अभियान चलाकर कब्जा हटाया गया।

नगर निगम की चेतावनी

नगर निगम रायपुर ने सभी नागरिकों से अनाधिकृत निर्माण से बचने की अपील की है और चेतावनी दी है कि बिना अनुमति निर्माण या अतिक्रमण की स्थिति में कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। नगर निगम का यह अभियान शहरी व्यवस्था सुधारने, जलभराव रोकने और जनहित की संरचनाओं को बचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। शहर को साफ़ सुरक्षित और नियोजित बनाने का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

सड़कों पर पशु छोड़ने वालों पर कसेगा शिकंजा: जोन कमिश्नर ने दी चेतावनी

रायपुर। रायपुर नगर निगम के जोन-1 में आवारा पशुओं से हो रही दुर्घटनाओं और गंदगी की बढ़ती समस्या को लेकर जोन-1 कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी ने कड़ा रुख अपनाया है। निगम जोन-1 कार्यालय में सात वार्डों के सभी पशुपालकों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्हें सख्त हिदायत दी गई कि वे अपने पशुओं को खुले में न छोड़ें, अन्यथा विधि अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

पशुओं के गले में पट्टा लगाना अनिवार्य- कमिश्नर डॉ. चंद्रवंशी ने पशुपालकों को निर्देश दिया कि सभी पशुओं के गले में पट्टा लगाया जाए, ताकि यह पता चल सके कि सड़क पर मिलने वाले पशु गौशाला से संबंधित हैं या आवारा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नालियों में गोबर बहाने वालों पर भी जुर्माना लगाया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग ने दर्ज कराई पुलिस शिकायत- समझाइश के बावजूद नियमों की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमलाल

देवांगन ने जानकारी दी कि पशुपालक मनोज यदु द्वारा बार-बार चेतावनी के बावजूद सड़क पर पशु छोड़े जा रहे थे। इस पर खमतराई थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है।

निरंतर कार्रवाई और मॉनिटरिंग- राज्य शासन और उच्च न्यायालय के निर्देशों के पालन में रायपुर नगर निगम ने सभी 10 जोनों में अभियान तेज कर दिया है। काउ कैचर वाहनों के माध्यम से सड़कों से पशु पकड़े जा रहे हैं और उन्हें गौठान कांजी हाउस भेजा जा रहा है। इस अभियान की मॉनिटरिंग अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय और नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रीति सिंह द्वारा की जा रही है।

जोन कमिश्नर का सख्त संदेश:- पशुपालकों को अब यह समझना होगा कि सड़कों पर पशु छोड़ने की आज़ादी नहीं है। हम लगातार कार्रवाई करेंगे, चाहे वह कोई भी हो। — डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, जोन-1 कमिश्नर

नगर निगम की इस पहल से शहरवासियों को आवारा पशुओं की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

तीन दिवसीय विशेष अभियान बने खाबो - बने रहिबो (अच्छा खाओ, स्वस्थ रहो) की शुरुआत हुई

स्वास्थ्य मंत्री ने चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला को दिखाई हरी झंडी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में खाद्य सुरक्षा और जनस्वास्थ्य को लेकर एक ऐतिहासिक पहल के तहत 4 अगस्त से तीन दिवसीय विशेष अभियान बने खाबो - बने रहिबो (अच्छा खाओ, स्वस्थ रहो) की शुरुआत हुई। यह अभियान 6 अगस्त तक चलेगा, जिसका संचालन खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है।

अभियान का शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला को हरी झंडी दिखाकर किया गया। यह चलित प्रयोगशाला राज्य के 33 जिलों में घूम-घूम कर आमजन को गुणवत्ता पूर्ण भोजन और मिलावटी भोजन के प्रति लोगों को जागरूक करेगी तथा खाद्य सामग्री की मौके पर जांच करेगी, जिससे मिलावट के मामलों की तत्काल पहचान संभव होगी। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान में सहभागी बनें,

मिलावट से सतर्क रहें और स्वच्छ, सुरक्षित भोजन अपनाकर एक स्वस्थ छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के निर्माण में सहयोग दें।

उन्होंने कहा कि हमारे खानपान से संबंधित बीमारियाँ जैसे डायबिटीज़, थायरॉयड, फैटी लिवर, हाई कोलेस्ट्रॉल और हृदय रोग आज बहुत आम हो चुके हैं। इनसे बचने के लिए जन-जागरूकता, स्वच्छता और मिलावट रहित भोजन बेहद ज़रूरी है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किए गए 'मिलावट के खिलाफ अभियान' को आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ में 'बने खाबो, बने रहिबो' अभियान की नींव रखी गयी है। प्रदेश में खाद्य परीक्षण की व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने हेतु एक अत्याधुनिक राज्य स्तरीय खाद्य प्रयोगशाला की स्थापना की जा रही है, जिससे छत्तीसगढ़ को खाद्य परीक्षण के लिए अन्य राज्यों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। सीजीएमएससी के अध्यक्ष अमित म्हस्के ने कहा कि यह एक बहुत ही महत्वकांक्षी अभियान है जिसकी शुरूआत आज से की जा रही है। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से प्रदेश की जनता में खाद्य सामग्रियों को लेकर जागरूकता बढ़ेगी तथा मिलावट करने वालों की असलियत भी सामने आएगी। उन्होंने बताया कि इस चलित प्रयोगशाला में एक लैब टेक्नीशियन तथा एक लैब असिस्टेंट की उपस्थिति रहेगी जिससे वो मौके पर ही खाद्य सामग्रियों का नमूना एकत्र कर उसकी जांच कर सकेंगे और आवश्यकता पड़ने पर खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ऐसे मिलावट करने वालों पर कार्रवाई भी करेगी।

इस अभियान के तहत स्ट्रीट फूड विक्रेताओं, रेस्टोरेंट्स, होटल्स एवं खाद्य सेवा प्रदायकों द्वारा उपयोग किए जा रहे खाद्य पदार्थों की जांच की जा रही है। उन्हें स्नस्स्द्ध के दिशा-निर्देशों के अनुसार स्वच्छता, व्यक्तिगत हाइजीन, खाद्य भंडारण एवं प्रसंस्करण की जानकारी दी जा रही है। छत्तीसगढ़ आज देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है जहाँ मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के संचालन और फूड क्वालिटी टेस्टिंग में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ दर्ज की गई हैं।

संक्षिप्त समाचार

सड़कों से आवारा मवेशियों की धरपकड़ जारी, गौठानों भेजे गए पशु

रायपुर। नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा शहर में आवारा मवेशियों की समस्या को नियंत्रित करने के लिए एक निर्णायक और लगातार अभियान चलाया जा रहा है। महापौर श्रीमती मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, एवं आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर यह अभियान सभी 10 जोनों में प्रतिदिन तेज़ी से जारी है।

प्रमुख मार्गों पर धरपकड़ अभियान- नगर निगम की टीमों ने शहर के कई इलाकों में सड़कों पर घूम रहे मवेशियों की धरपकड़ की और उन्हें काउकैचर वाहनों के ज़रिए गौठानों में शिफ्ट किया गया।

जोन 6: बालाजी कॉलोनी व महामाई पारा आवासीय क्षेत्र में 11 मवेशियों की धरपकड़। जोन 10: पवन विहार व लालपुर एक्सप्रेस-वे से मवेशी पकड़े गए। जोन 8: रायपुरा इलाके में कार्रवाई की गई। जोन 3: शंकरनगर और शांतिनगर रोड पर भी मवेशियों को पकड़ा गया।

शहरभर में फैला अभियान- सभी 10 जोनों में निगम की टीमें सड़कों और मुख्य मार्गों की मॉनिटरिंग कर रही हैं। अभियान का उद्देश्य न केवल शहर की स्वच्छता और ट्रैफिक सुरक्षा को सुनिश्चित करना है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को भी कम करना है।

निगम की चेतावनी- निगम ने एक बार फिर पशुपालकों को हिदायत दी है कि वे अपने मवेशियों को सड़क पर न छोड़ें, अन्यथा विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत जुर्माना, एफआईआर और पशु जब्ती तक की कार्यवाही की जा सकती है।

नगर निगम रायपुर की यह मुहिम आने वाले दिनों में और तेज़ होगी। आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे इस अभियान में सहयोग करें और अपने मवेशियों को खुले में न छोड़ें।

भाजपा सरकार द्वारा बिजली बिल हॉफयोजना बंद करना जनता पर अत्याचार : कांग्रेस

रायपुर। साय सरकार द्वारा बिजली बिल आधा योजना को बंद किये जाना जनता के ऊपर अत्याचार है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार ने बिजली बिल हॉफयोजना को बंद कर दिया है। साय सरकार ने मात्र 100 यूनिट तक की खपत वाले का ही बिजली बिल हॉफ करने का निर्णय लिया है। इससे प्रदेश के अधिसंख्यक उपभोक्ता बिजली बिल हॉफयोजना से वंचित हो गये है। वर्तमान निर्देश के अनुसार 100 यूनिट से अधिक खपत होने पर बिजली बिल पूरा लगेगा तथा 100 यूनिट का छूट भी नहीं मिलेगा। पहले किसी को बिजली का खपत मान लो 600 यूनिट था उससे ज्यादा भी था तो उसके पहले 400 यूनिट तक की खपत पर बिजली बिल आधा हो जाता था, शेष पर ही उसको पूरा बिल देना पड़ता था। कांग्रेस, सरकार के इस फैसले का विरोध करती है। दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफयोजना शुरू किया था जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था जिसे 5 साल में लगभग प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 हजार रु. तक की बचत हुई है। कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू किये गये 400 यूनिट बिजली बिल हॉफ के दायरे में प्रदेश का लगभग हर उपभोक्ता आता था। बैज ने कहा कि पिछले माह ही सरकार ने बिजली के दाम चौथी बार बढ़ाया था। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई थी। डेढ़ साल के भीतर साय सरकार ने घरेलू बिजली की दरों में अब तक कुल 80 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोतरी की है। भाजपा सरकार बनने के बाद आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी किया जाता था और आम जनता को 24 घंटा बिजली की आपूर्ति की जाती थी।

राज्य स्तरीय विज्ञान-गणित क्विज में रायगढ़ जिले का पुसौर विकासखण्ड रहा अव्वल

रायपुर। स्कूल शिक्षा विभाग एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के तत्वावधान में राज्य स्तरीय विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन रायगढ़ जिले के पीएम शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल में किया गया। प्रतियोगिता में राज्य के सभी सात संभागों से चयनित विकासखण्डों के प्रतिनिधि छात्र-छात्राएं शामिल हुए। क्विज प्रतियोगिता में रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखण्ड ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 40 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। धरमजयगढ़ विकासखण्ड ने 35 अंकों के साथ द्वितीय स्थान और लैलूंगा विकासखण्ड ने 30 अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। विजयी प्रतिभागियों को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. के.व्ही राव ने छात्रों से गणित और विज्ञान विषय से संबंधित रोचक प्रश्न पूछे और उनके उत्तरों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान के मूल सिद्धांतों की गहरी समझ विकसित करने और वैश्विक वैज्ञानिक प्रगति से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने अध्ययन में पुस्तकों को सबसे अच्छा मार्गदर्शक बताते हुए निरंतर अध्ययन की आवश्यकता पर बल दिया। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को कुल शैक्षणिक सात समूहों में विभाजित कर प्रश्नोत्तरी कराई गई। प्रश्नों के निर्माण एवं प्रतियोगिता संचालन की ज़िम्मेदारी विषय विशेषज्ञों ने निभाई, जिनमें राजेन्द्र कलैत (भौतिकी), पारसमणि साहू (रसायन), अनुपमा तिवारी (जीवविज्ञान) और बी.एल. गुप्ता (गणित) शामिल थे।

संपादकीय

एसआईआर पर उठते वैधानिक सवाल

बिहार विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले ही निर्वाचन आयोग स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) करवा रहा है। उसका कहना है कि कानून व संविधान के तहत उसे यह अधिकार प्राप्त है कि नागरिकता से जुड़े दस्तावेज मांग सकता है ताकि नागरिकों को उचित मताधिकार मिल सके। विपक्ष का आरोप है, आयोग इसकी आड़ में नागरिकता की जांच कर रहा है। वे इस पर कानूनी व वैधानिक सवाल भी उठा रहे हैं। आयोग ने शीर्ष अदालत को दिए 88 पन्नों के हलफनामे में इस प्रक्रिया के तहत किसी की नागरिकता इस आधार पर न समाप्त करने की बात है कि उसका नाम मतदाता सूची के बाहर हो गया। पहचान के सीमित उद्देश्य के लिए आधार, मतदाता-पत्र व राशन-कार्ड पर विचार करने की बात भी की है। आयोग के आदेशानुसार आठ करोड़ मूल बिहारियों को मतदाता सूची में शामिल रहने के लिए 25 जुलाई तक गणना फॉर्म भर कर जमा करना है जिसकी सूची पहली अगस्त को जारी की जा सकती है। संविधान के अनुच्छेद 325 के अनुसार किसी भी शख्स को केवल धर्म, नस्ल, जाति या लिंग के आधार पर मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जा सकता। कानूनन देश का प्रत्येक नागरिक, जो 18 साल या उससे अधिक है, मतदाता के तौर पर पंजीकरण करा सकता है। इसमें सिर्फ गैर-नागरिक को नाम दर्ज कराने के अयोग्य ठहराया गया है। सुप्रीम कोर्ट अपने फैसले में स्पष्ट कर चुका है कि मताधिकार केवल संवैधानिक अधिकार है, मौलिक अधिकार नहीं। मगर भारतीय नागरिक होने के बावजूद उसे शत्रे पूरी करनी होती है, और आवश्यक दस्तावेज देने होते हैं। आयोग की मंशा पर उंगली उठाने वालों का आरोप है कि गणना फार्म में मांगे गए दस्तावेज में आधार, मतदाता-पत्र व राशन-कार्ड का न शामिल होना संदेह उपजाता है। चूंकि सरकार आधार को केवल पहचान-पत्र मान रही है, इसलिए यह संशय उठा है। यदि जल्द ही आयोग इसमें सुधार कर ले तो शायद इन आरोपों-प्रत्यारोपों से बचा जा सकता है। आयोग को अपनी छवि और स्वायत्तता का विशेष ख्याल रखना होगा। भारत लोकतांत्रिक देश ही नहीं है, दुनिया के समक्ष मताधिकार की ताकत की मिसाल भी पेश करता है। खास मतदाताओं को उनके अधिकार से वंचित करने की किसी राजनीतिक दल की साजिश का हिस्सा बनने से उसे न सिर्फ बचना होगा, बल्कि अपने पूर्ववर्तियों के नक्शे-कदम पर चल कर सख्त रवैया अपनाते हुए लोकतंत्र का रक्षा कवच बनने से भी हिचकिचाना नहीं चाहिए।

ट्रंप ने थोपा टैरिफ

यदि अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपना बयान नहीं बदला, तो अगस्त से ही अमरीका निर्यात किए जाने वाले भारतीय उत्पादों, वस्तुओं और सेवाओं पर 25 फीसदी टैरिफलग जाएगा। टैरिफके साथ-साथ जुर्माने की भी घोषणा की गई है। राष्ट्रपति ट्रंप ने यह घोषणा तब की है, जब भारत-अमरीका द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बातचीत अंतिम चरण में है। अगस्त में 'अंतरिम समझौते' के सामने आने की भी संभावनाएं हैं। बुनियादी पेंच कृषि, डेयरी, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, इलेक्ट्रिक वाहन, वाइन आदि को लेकर फंसा है। भारत अपने किसानों, पशुपालकों, छोटे व्यापारियों, उद्यमों के हितों के मद्देनजर ये क्षेत्र व्यापार के लिए पूरी तरह खोलना नहीं चाहता अथवा शुल्क को कम करने को भी तैयार नहीं है, लेकिन अमरीका आमादा है कि उसे भी इन क्षेत्रों में कारोबार करने की अनुमति दी जाए। अमरीकी टैरिफसे भारत की अर्थव्यवस्था पर कितने और क्या प्रभाव पड़ेंगे, उसकी समीक्षा सरकार ने शुरू कर दी है। बहरहाल अमरीकी रुख में कई विरोधाभास रहते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप एक ओर भारत और प्रधानमंत्री मोदी को 'दोस्त' और रणनीतिक साझेदार कहते नहीं थकते। दूसरी ओर व्यापार समझौते के विमर्श के बावजूद 25 फीसदी टैरिफ थोपने का बयान दिया है। आखिर भारत के लिए अमरीका के किस किरदार को स्वीकार किया जाए? बीते वित्त वर्ष के दौरान दोनों देशों के बीच 131.84 अरब डॉलर का कारोबार किया गया। अमरीका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2024-25 में भारत ने 7.51 लाख करोड़ रुपए का निर्यात किया और अमरीका से 3.52 लाख करोड़ रुपए का आयात किया। भारत मुनाफे की स्थिति में है। दरअसल अमरीका सबसे ज्यादा रूस के साथ भारत के तेल और हथियारों के व्यापार पर बहुत चिढ़ता है। राष्ट्रपति ट्रंप का बार-बार कहना है कि भारत के साथ अमरीका का कारोबार कम हुआ है। भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफलगाता है। अमरीका उसे संतुलित करना चाहता है। भारत रूस से कच्चा तेल 15-20 डॉलर प्रति बैरल की छूट पर खरीदता है। नतीजतन 2023 में 10 अरब डॉलर की बचत हुई। 2024 में भारत ने करीब 43 फीसदी तेल रूस से खरीदा। रूस से ही हर साल 2-3 अरब डॉलर के रक्षा उपकरण भारत खरीदता है। बीते 10 साल में जरूरत का 70 फीसदी सामान रूस से ही खरीदा गया, जबकि 2008 के बाद अमरीका से 24 अरब डॉलर के रक्षा-सौदे हुए। बहरहाल अमरीकी टैरिफ से भारत का निर्यात जरूर प्रभावित होगा। सबसे अधिक प्रभावित फार्मा क्षेत्र होगा, जो 8.1 अरब डॉलर का निर्यात करता है। अमरीका 40 फीसदी जेनेरिक दवाएं भारत से ही लेता है। 2025 में निर्यात 85,000 करोड़ रुपए रहा। इसके अलावा, टेलीकॉम उपकरण, हीरे, रत्न, कीमती पत्थर, सोना और जेवरात, कपड़े, लोहा और इस्पात, ऑटो कंपोनेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, पेट्रो केमिकल, ऑर्गेनिक केमिकल आदि का अरबों डॉलर में निर्यात अमरीका को किया जाता है। 2024-25 में भारत ने 86.51 अरब डॉलर का निर्यात किया और 45.33 अरब डॉलर का आयात अमरीका से किया। विशेषज्ञों के आकलन हैं कि टैरिफसे निर्यात में 7 अरब डॉलर सालाना की गिरावट आ सकती है। भारतीय मुद्रा 'रुपया' बुधवार को ही अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। अमरीका में कार्यरत आईटी कंपनियों पर भी कर का बोझ बढ़ सकता है। भारतीय उत्पादों पर टैरिफथोप दिए जाने से वे अमरीकी बाजार में महंगे हो जाएंगे, लिहाजा उनकी मांग तुलनात्मक तौर पर कम होना स्वाभाविक है। तुलना में कनाडा और मैक्सिको की वस्तुओं की मांग बढ़ सकती है, क्योंकि अभी तक उन पर ट्रंप का टैरिफ नहीं लगा है। भारत कूटनीति के तहत एक उच्चस्तरीय दल अमरीका भेजकर बातचीत कर सकता है और टैरिफ को 10 फीसदी तक लाने की कोशिश कर सकता है। भारत विश्व व्यापार संगठन में शिकायत कर सकता है कि यह टैरिफसंगठन की बाध्य-दरों का उल्लंघन है, लेकिन यह संगठन तो पहले से ही लुंज-पुंज है और अमरीका ने अपना समर्थन भी समाप्त कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप ने पिछली मुलाकात में संकल्प लिया था कि वे द्विपक्षीय कारोबार को 500 अरब डॉलर तक लेकर जाएंगे। क्या यह एकतरफा निर्णय से संभव हो सकता है? इस बीच खबर यह भी है कि भारत में शेयर बाजार लुढक़ गया है। निवेशकों के लिए यह घाटे का सौदा बनता जा रहा है।

ध्वस्त हुआ एक और झूठा नैरेटिव

सुरेश हिंदुस्तानी

भारत में स्वार्थी राजनीति का खेल यूँ तो बहुत पुराना है, लेकिन ऐसी राजनीति जनमानस को केवल भ्रमित करने का काम ही करती है। यह भी सत्य है कि इसका प्रभाव लम्बे समय तक नहीं रहता। राजनीति सच की होना चाहिए, न कि झूंठ की। लेकिन आज विसंगति यह है कि राजनीतिक दल केवल अपने लिए ही राजनीति करते हैं, देश के लिए नहीं। आज राजनीति का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करने तक सीमित हो गया है। ऐसी ही राजनीति के माध्यम से हिन्दू आतंकवाद की थ्योरी स्थापित करने का खेल खेला गया। अब इस षड्यंत्र की परतें भी उधड़ने लगी हैं। जिसके फलस्वरूप फेक नैरेटिव का पर्दाफास हो गया। भारत क्या है और उसकी विरासत क्या है? इसके मूल में जो प्रमाण मिलते वे उसका एक दर्शन है। यह दर्शन मात्र कुछ वर्षों का कार्य नहीं, बल्कि एक लम्बी साधना के बाद निकला है। जो भारतीय समाज के लिए एक प्रेरणीय पाथेय है। लेकिन लम्बे समय से इस आदर्श विरासत को मिटाने का कुचक्र भी चल रहा है। हम यह भली भांति जानते हैं कि जब जब भारतीय समाज विघटित हुआ है, तब भारत को कमजोर करने के सुनियोजित प्रयास भी किए। देश विघातक शक्तियों ने भारत के समाज में फूट डालकर अपने मंसूबों को सफल किया। ऐसे प्रयास आज भी हो रहे हैं। मूल समस्या पर किसी प्रकार का कोई चिंतन नहीं हो रहा है, और न ही उस दिशा में कोई प्रयास ही हो रहा है।

अभी अभी न्यायालय ने मालेगाँव विस्फोट मामले में एक ऐतिहासिक निर्णय दिया है। जिसमें हिन्दू आतंकवाद के नैरेटिव को ध्वस्त किया गया। इस नैरेटिव की भूमिका पूरी तरह से आधारहीन ही थी। न्यायालय के निर्णय से यह ज्ञात हुआ कि इसमें जिनको आरोपी बनाया गया, उनके विरोध में पर्याप्त प्रमाण नहीं थे, ज़ब प्रमाण ही नहीं थे, तब इस मामले में गिरफ्तार करने की जल्दबाजी किसके संकेत पर की गई। यह बहुत बड़ा षड़यंत्र ही था, जिसकी कलई धीरे धीरे खुलने लगी हैं। एक पूर्व अधिकारी का बयान इसकी पुष्टि करने के लिए पर्याप्त माना जा सकता है। हिन्दू समाज को बदनाम करने का यह षड्यंत्र केवल एक वर्ग को खुश करने प्रयास मात्र ही था। राजनीतिक दलों को हमेशा अपने स्वार्थ के लिए ही राजनीति नहीं करना चाहिए। राजनीति मात्र देश को शक्तिशाली और समाज को संगठित करने के लिए होना चाहिए। यहां एक सवाल खड़ा करना मुझे बहुत आवश्यक लग रहा है। क्या देश के लिए काम करने की जिम्मेदारी केवल सरकार की ही होती है? विपक्ष और समाज की भी होती है। अगर सभी एक भाव से समाज को एक करने का कार्य करें तो भारत का सूर्य केवल भारत को ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व को आलोकित करेगा, यह तय है।

मालेगाँव विस्फोट मामले में षड्यंत्र की बुनियाद किसने की, इस सवाल का उत्तर पहले से वातावरण में तैर रहा था। कांग्रेस के बड़े नेताओं ने हिन्दू आतंकवाद की झूठी कहानी की पटकथा तैयार की। अब सवाल यह उठता है कि रामराज्य की संकल्पना को ज़मीन पर उतारने का सपना देखने वाले महात्मा गांधी के नाम पर राजनीति करने वाली कांग्रेस के सामने ऐसी क्या मजबूरी थी कि उसने हिन्दू आतंकवाद का प्रपंच रचा। इसका पहला कारण तो यही समझ में आता है कि यह सब एक विशेष वर्ग को खुश करने का प्रयास मात्र ही था। कांग्रेस की ऐसी राजनीति करने वाले एक प्रकार से कांग्रेस को ही कमजोर करने का काम कर रहे हैं। हमें यह भी याद होगा कि एक बार कांग्रेस की सरकार के समय भगवान श्रीराम के अस्तित्व को नकारने का प्रयास किया गया। उस समय हिन्दू समाज की जाग्रति के समक्ष कांग्रेस को झुकना पड़ा और सरकारी स्तर पर किए गए प्रयास पर पूरी तरह से पानी फिर गया।

मालेगाँव विस्फोट मामले में भी ऐसा ही प्रयास किया गया। इसका एक कारण कांग्रेस की वह मानसिकता है, जिसके तहत कांग्रेस को नेतृत्व देने वाले राजनेता केवल यही सोचते हैं कि हम तो सरकार चलाने के लिए ही बने हैं। आज भी कांग्रेस के नेता इसी भावना के साथ विचार रखते हैं। उन्हें यह लगता ही नहीं है कि देश में अब कांग्रेस की सरकार नहीं है और देश में राजनीतिक परिवर्तन हो चुका है। कांग्रेस को यह आत्म मंथन करना चाहिए कि देश की जनता क्या चाहती है। क्योंकि जनता ने ही कांग्रेस को सता से बेदखल किया है। भारत का लोकतंत्र यही कहता है कि देश में जनता का शासन है। जनता का शासन मतलब किसी दल की सरकार नहीं, वह जनता की सरकार है, लेकिन हमारे राजनीतिक दल इसको राजनीतिक दल की सरकार मानकर व्यवहार करते हैं। कांग्रेस को यह समझना चाहिए कि जब जनता की सरकार है, तब सरकार का विरोध करने का अर्थ जनता का ही विरोध है। आज जनता इतनी समझदार हो चुकी है कि उसे पल पल की जानकारी है, इसलिए कुछ समय के भ्रमित किया जा सकता है, लेकिन भ्रम से जब परदा उठता है तो इसके पीछे एक षड्यंत्र का खेल दिखाई देता है। मालेगांव मामले में कुछ बयानों को आधार बनाया जाए तो यही कहा जा सकता है कि इसमें और भी प्रभावी व्यक्तियों को फसाने की तैयारी भी हो रही थी, इसकी भूमिका भी बन चुकी थी, लेकिन कांग्रेस का यह सपना इसलिए पूरा नहीं हो सका, क्योंकि जिनको आरोपी बनाया गया उन्होंने प्रताड़ना सहने के बाद भी उनके मन मुताबिक बयान नहीं दिए। यहां एक और बात का उल्लेख करना बहुत आवश्यक हो जाता है कि कांग्रेस के नेता असली आतंकवाद पर बोलने से हमेशा किनारा करते हैं। इतना ही नहीं कभी कभी तो कांग्रेस के नेता आतंकियों के समर्थन में सम्मान पूर्वक बात करते हैं। इनको केवल सनातन से चिड़ है। आज जब सनातन अपने उभार पर है, तब इनकी चिंता और ज्यादा बढ़ रही है।

भारत में राजनीति की दशा और दिशा क्या होना चाहिए, यह तय करने का समय आ गया है। कांग्रेस को इस सत्य को स्वीकार करना चाहिए। दूसरी बात यह है कि भारत को भारत के दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता है। जहाँ समाज में भेद नहीं होना चाहिए। क्योंकि भारत में जितने भी धर्म और संप्रदाय के व्यक्ति रहते हैं, वे सभी पहले भारतीय हैं, जाति धर्म बाद की बातें हैं। इसलिए राजनीति समाज को एक सूत्र में बाँधने की होना चाहिए, विभाजन की नहीं।

देश की फिजां में अचानक रिटायरमेंट की चर्चा

अजीत द्विवेदी

बड़े आश्चर्य की बात है कि अचानक देश की फिजां में रिटायरमेंट की चर्चा शुरू हो गई। जिधर सुनिए उधर रिटायरमेंट की बातें हो रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस साल 17 सितंबर को 75 साल के होने वाले हैं और उससे पहले रिटायरमेंट की चर्चा हो रही है, उसका महत्व व जरुरत समझाई जा रही है और रिटायरमेंट के बाद की योजनाओं की चर्चा हो रही है। क्या यह महज एक संयोग है या इन चर्चाओं की टाइमिंग का कुछ और इशारा है? राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के सरसंघचालक ने 75 साल की उम्र में रिटायर होने की आवश्यकता बताई तो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रिटायर होने के बाद की अपनी योजना बताई।

उधर देश के जाने माने वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे ने 70 साल की उम्र में रिटायरमेंट की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि अब वे प्रैक्टिस नहीं करेंगे। इस बीच भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने याद दिलाया कि लालकृष्ण आडवाणी 90 साल की उम्र तक सांसद रहे थे। इस तरह उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी अगले कई बरसों राजनीतिक रूप से सक्रिय बने रहने का संकेत दिया। इन बयानों और घटनाक्रमों पर विचार करने से पहले यह देखने की जरुरत है कि क्या सचमुच भाजपा में 75 साल की उम्र में रिटायर होने का कोई नियम है? अगर नहीं है तो क्यों प्रधानमंत्री मोदी के 75 साल का होने को इतना मुद्दा बनाया जा रहा है? ध्यान रहे 75 साल की उम्र में रिटायर किए जाने का कोई घोषित नियम नहीं है। हालांकि अघोषित रूप से इसे लागू किया गया है। भले हर बार 75 की उम्र पर नेताओं को रिटायर नहीं कराया गया हो लेकिन नेताओं को रिटायर कराने में उम्र एक पैमाना बना है। लालकृष्ण आडवाणी से लेकर मुरली मनोहर जोशी और शांता कुमार से लेकर सुमित्रा महाजन और बाबूलाल गौर तक अनेक मिसाल है, जब उम्र के आधार पर नेताओं को घर बैठा दिया गया। हालांकि 75 साल से ज्यादा उम्र के अनेक नेताओं को भाजपा ने चुनाव लड़ाया है। सबसे ताजा मिसाल झारखंड में रामचंद्र चंद्रवंशी की है, जिनको भाजपा ने पिछले साल 79 साल की उम्र में विश्रामपुर विधानसभा सीट से टिकट दिया था। ऐसी मिसाल हर राज्य में है। अब सवाल है कि जब उम्र की सीमा आधिकारिक रूप से तय नहीं की गई है फिर नरेंद्र मोदी के 75 साल की उम्र में रिटायर होने के कयास क्यों लगाए जा रहे हैं और क्यों इस तरह की बातें हो रही हैं, जिनसे उनके ऊपर दबाव बने?

इसका जवाब पिछले साल के लोकसभा चुनाव के नतीजों में देखा जा रहा है। पिछले साल लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूरी भाजपा चार सौ सीट के लिए लड़ रही थी। लेकिन भाजपा को 240 सीटें मिलीं। 2019 के मुकाबले उसको 63 सीटों का नुकसान हुआ। उसके बाद मोदी और उनकी टीम बैकफुट पर आई। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू सहित अन्य घटक दलों के समर्थन से सरकार बनी। हालांकि उसके बाद हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में चुनावी जीत से प्रधानमंत्री का कांफिडेंस वापस लौटा। इसके बाद उन्होंने विदेश के धुआंधार दौरे किए और एक साल के अंदर उन्होंने 12 देशों का सर्वोच्च नागरिक सम्मान हासिल किया। उनके 11 साल के कार्यकाल में पहले 10 साल में 14 सम्मान मिले थे लेकिन तीसरे कार्यकाल के पहले साल में 12 सम्मान मिले। इस तरह उन्होंने घरेलू राजनीति की कमजोरी को वैश्विक मंच पर विश्वगुरू के रूप में स्थापित होने के नैरेटिव से बदलने का प्रयास किया। लेकिन ऐसा लग रहा है कि इसमें बहुत कामयाबी नहीं मिली है। बहरहाल, आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत का बयान बहुत दिलचस्प है। उन्होंने हिंदुवादी विचारक मोरोपंत पिंगले के ऊपर लिखी एक किताब के विमोचन में कहा, 'जब आपको 75 साल पूरे होने पर शॉल ओढ़ाई जाती है तो समझिए कि दूसरों का मौका देने का समय आ गया है। आपको किनारे हो जाना चाहिए'। यह बात उन्होंने अपने संदर्भ में कही। ध्यान रहे संघ प्रमुख भी 11 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं। तभी यह कयास लगाया जा रहा है कि क्या मोहन भागवत भी रिटायर होंगे और इससे प्रधानमंत्री मोदी के ऊपर रिटायर होने का दबाव बनेगा? हालांकि संघ में भी 75 साल की उम्र में रिटायर होने का नियम नहीं है। मोहन भागवत से पहले केएस सुदर्शन संघ प्रमुख थे और 78 साल की उम्र में सेहत की वजह से रिटायर हुए। फिर भी अगर मोहन भागवत कुछ इशारा कर रहे हैं तो उसका कोई न कोई मतलब है। कहा जा रहा है कि भाजपा के अंदर भी संघ से नजदीकी रहने वाले कई नेता हैं, जो चाहते हैं कि 75 साल की उम्र में रिटायर होने का नियम प्रधानमंत्री मोदी पर भी लागू हो।

पीएम-किसान: किसानों के सशक्तिकरणऔर ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं के रूपांतरण का भारत का वैश्विक खाका

डॉ. प्रमोद मेहरदा

समावेशी विकास और ग्रामीण समृद्धि के सफर में, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना, भारत सरकार की एक अग्रणी पहल के रूप में उभर कर सामने आई है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 24 फरवरी 2019 को शुरू की गई, इस पहल ने लाखों छोटे एवं सीमांत किसानों के जीवन पर गहरा प्रभाव डाला है और पूरी तरह से डिजिटल, कुशल एवं पारदर्शी प्रणाली के जरिए प्रत्यक्ष आय सहायता प्रदान करने के एक वैश्विक मॉडल के रूप में खुद को स्थापित किया है।

प्रत्यक्ष समर्थन के जरिए किसानों का सशक्तिकरण

मूल रूप से,पीएम-किसान योजना पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की सहायता प्रदान करती है। यह सहायताराशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के जरिए 2,000 रुपये की तीन बराबरकिस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जाती है। इस सुव्यवस्थित एवंतकनीक-संचालित कदम से बिचौलियों की भूमिका, लाभ मिलने में होने वाली देरी और त्रुटि की गुंजाइशखत्म होतीहै और एक-एक पाई इच्छित लाभार्थी तक पहुंचना सुनिश्चित होता है। इस योजना की शुरुआत से लेकर अब-तक,कुल 3.69 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों को हस्तांतरित की जा चुकी है। इस प्रकार, पीएम-किसान दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल रूप से क्रियान्वित नकद हस्तांतरण कार्यक्रमों में से एक बन गया है। आंकड़ों से परे, यह कदम सब्सिडी से हटकर सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ने संबंधीएक बदलाव का प्रतीक है।बातचाहे बीज की हो या उपकरण या शिक्षा या फिर स्वास्थ्य की, इस योजना से किसानों को यह तय करने की आजादी मिलती है कि वे इस सहायता का सबसे बेहतरइस्तेमाल कैसे करें।

भारत के छोटे किसानों के हित में एक परिवर्तनकारी कदम- दो हेक्टेयर से कम जमीन वाले भारत के 85प्रतिशत से अधिक किसानों के लिए ये लाभ बुवाई या कटाई के मौसम में एक अहम आर्थिक सेतु का काम करते हैं। ये लाभ अल्पकालिक नकदी प्रवाह के तनाव को कम करते हैं, अनौपचारिक ऋण पर निर्भरता में कमीलाते हैंऔर संकट के समय एक सुरक्षा कवच प्रदान करते हैं।

वित्तीय सहायता से कहीं बढ़कर, पीएम-किसान योजना समावेशिता, सम्मान और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में एक भागीदार के रूप में किसान की मान्यता का प्रतीक है।

डिजिटल शासन की श्रेष्ठता- पीएम-किसान की सफलता का श्रेय भारत के मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे को जाता है। जेएएम की तिकड़ी -जन धन बैंक खाते, आधार बायोमेट्रिक पहचान और मोबाइल कनेक्टिविटी - ने बड़े पैमाने पर लाभ के निर्बाध वितरण को संभव बनाया है। स्व-पंजीकरण से लेकर भूमि स्वामित्व के सत्यापन और डीबीटी द्वारा समर्थ भुगतान तक, इस पूरी योजना का जीवनचक्र डिजिटल है। राज्य सरकारों के सहयोग से, पीएम-किसान डिजिटल रूप से समन्वित तथा एक छोर से दूसरे छोर तक आसानी से पहुंचने वाले शासन के एक बेहतरीन मॉडल के रूप में कार्य करता है। इसने विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में भूमि अभिलेखों, लाभार्थियों के डेटाबेस और भुगतान प्रणालियों को सफलतापूर्वक समन्वित किया है औरइससे दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में किसान-केन्द्रित एक उत्तम संरचना का निर्माण हुआ है।

पीएम किसान ने कृषि से जुड़े इकोसिस्टम में किसान ई-मित्र वॉयस-आधारित चैटबॉट और एग्री स्टैक जैसी नवीन परियोजनाओं को भी प्रेरित किया है। एग्रीस्टैक व्यक्तिगत, समय पर और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार है, जिससे भारतीय कृषि भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार हो सके।

वैश्विक मानकों की स्थापना- दुनिया भर में, प्रत्यक्ष लाभ कार्यक्रमों को गरीबी उन्मूलन के कारगर साधनों के रूप में तेजी से मान्यता मिल रही है। फिर भी, पीएम-किसान की कुछ अनूठी विशेषताएं हैं — इसका विशाल आकार, गति और डिजिटल विश्वसनीयता इसे बिखरी हुई कृषि सहायता प्रणालियों में सुधार के लिए प्रयासरत देशों के लिए एक अनुकरणीय मॉडल बनाती है।

आईएफपीआरआई, एफएओ, आईसीएआर और आईसीआरआईएसएटीजैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने छोटे किसानों की आय बढ़ाने, ऋण की सुलभता में सुधार, असमानता को कम करने और आधुनिक कार्यप्रणालियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में पीएम किसान की भूमिका पर प्रकाश डाला है। कई देशों में जारी सशर्त हस्तांतरण के उलट, इसका विश्वास-आधारित वबिना शर्त वाला दृष्टिकोण, सहभागी एवंसम्मान-आधारित कल्याणकारी वितरण की दिशा में एक बड़ी छलांग है।

ग्रामीण विकास को गति देना- पीएम-किसान का सकारात्मक प्रभाव केवल व्यक्तिगत लाभार्थियों तक ही सीमित नहीं है। इसके तहत होने वाले अनुमानित नकदी प्रवाह ने ग्रामीण बाजारों को पुनर्जीवित किया है, कृषि-उत्पादों की मांग को प्रोत्साहित किया है और घरेलू उपभोग के पैटर्न को मजबूत किया है। इसने महिलाओं को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, खासकर उन मामलों में जहांबैंक खाते संयुक्त रूप से खोले जाते हैं।

इसके अलावा, यह एक समग्र और परस्पर संबद्ध ग्रामीण विकास इकोसिस्टम का निर्माण करके मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम फसल बीमा योजना और ई-नाम जैसी अन्य प्रमुख योजनाओं का पूरक है। किसानों के लिए एक पेंशन योजना, पीएम-किसान मानधन योजना के साथ इसका एकीकरण, भारत के कृषि कार्यबल के लिए सामाजिक सुरक्षा जाल बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।

सुनहरे भविष्य का एक दृष्टिकोण: दृढ़ता, समानता और स्थिरता- पीएम-किसान एक वित्तीय सहायता तंत्र से कहीं बढ़करहै। यह भारत सरकार के किसानों के नेतृत्व वाले विकास का एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण है। अधिकार से सशक्तिकरण की ओर, सहायता से स्वायत्तता की ओर स्थानांतरित होकर, यह राज्य और किसान के बीच अनुबंध को नए सिरे से परिभाषित करता है।

भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता है, ऐसे में पीएम-किसान जैसी पहल समावेशी प्रगति की नींव रखती है। उन्नत तकनीकों के निरंतर एकीकरण और जलवायु परिवर्तन के प्रति दृढ़ता, स्थिरता और सटीक कृषि पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, यह योजना बदलाव की दिशा में एक बेहदशक्तिशाली कदमके रूप में विकसित होने के लिए तैयार है।

पीएम-किसान विश्वास, तकनीक और परिवर्तन की कहानी है। यह दुनिया के लिए भारत का योगदान है। यह योजना एक जीवंत उदाहरण है कि कैसे एक दूरदर्शी नीति, डिजिटल नवाचार और राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ मिलकर, लाखों लोगों को सशक्त बना सकती है और 21वीं सदी के शासन को नए सिरे से परिभाषित कर सकती है।

लेखक अतिरिक्त सचिव एवं अरिंदम मोदक, सलाहकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार हैं

'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' में खलनायिका की भूमिका निभाएंगी शीतल मौलिक

जानी-मानी टेलीविजन अभिनेत्री शीतल मौलिक ने प्रेम कहानी पर आधारित शो 'मेरी भव्य लाइफ' को अलविदा कह दिया है और अब वह 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' शो की टीम में शामिल हो चुकी हैं। 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' शो में अभिनेत्री नकारात्मक किरदार में नजर आएंगी। 'मेरी भव्य लाइफ' में पृषा धतवालिया और करण वोहरा मुख्य भूमिकाओं में थे। शीतल ने इस शो में प्रिया का किरदार निभाया था, जिसे वह अपने करियर का एक महत्वपूर्ण अनुभव मानती हैं। हालांकि, शो और अपने किरदार को लेकर उनका मानना है कि यह उनकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा।

शीतल ने बताया, प्रिया का किरदार निभाना मेरे लिए एक खास अनुभव था, लेकिन मुझे किरदार में वह गहराई नहीं मिली, जिसकी मैं अपेक्षा कर रही थी। फिर भी इस शो के दौरान मुझे कुछ शानदार लोगों से मिलने और उनके साथ गहरे रिश्ते बनाने का मौका मिला, जो मेरे लिए परिवार की तरह बन गए। ये रिश्ते मेरे लिए इस अनुभव का सबसे मूल्यवान हिस्सा हैं। अब शीतल 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' में अंबिका की भूमिका में नजर आएंगी। शीतल ने बताया, अंबिका का किरदार बहुत दिलचस्प है। वह बाहर से मीठी दिखती है, लेकिन अंदर से थोड़ी चालाक भी है। यह एक मुश्किल भरा, लेकिन मजेदार किरदार है, जो परिवार में अपनी चतुराई से सभी का ध्यान खींचता है और बड़ों का सम्मान हासिल करता है। मैं इस किरदार की गहराई को दिखाने के लिए उत्साहित हूं। शीतल इस शो में अभिनेत्री खालिदा जान की जगह अंबिका का किरदार निभा रही हैं। उन्होंने कहा, किसी का स्थान लेना मेरे लिए पहला अनुभव है। मैं क्रू, कास्ट, डायरेक्टर और क्रिएटिव्स की धैर्य और सहायता की सराहना करती हूं। अंबिका का किरदार निभाना और उसकी बारीकियों को समझना मेरे लिए खास अनुभव रहा। मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि अंबिका की कहानी आगे कैसे बढ़ती है। शीतल मौलिक को 'गुम है किसी के प्यार में' में सोनाली चव्हाण के किरदार के लिए जाना जाता है। इसके अलावा, वह 'दिवानियत', 'सुहागन', 'बरसातें- मौसम प्यार का', 'प्यार की लुका छुपी' और 'ये उन दिनों की बात है' जैसे शोज में भी नजर आ चुकी हैं। 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' स्टार प्लस पर प्रसारित होता है, जिसमें आफिया तायबली और अबरार काजी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह शो बंगाली सीरियल 'कोथा' का रीमेक है।

वीर पहाड़िया संग अपने रिश्ते पर तारा सुतारिया ने लगाई मुहर

बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा तारा सुतारिया इन दिनों अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर उनकी और वीर पहाड़िया की जोड़ी को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त चर्चा है। हालांकि दोनों ने अब तक अपने रिश्ते को सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं किया है, लेकिन हाल ही में दिए एक इंटरव्यू ने अफवाहों को और हवा दे दी है।

इशारों में किया प्यार का इजहार

तारा सुतारिया ने पॉडकास्ट में अपनी निजी जिंदगी को लेकर बातें कीं, जहां उन्होंने अपने रिश्ते की पुष्टि तो नहीं की, लेकिन ये जरूर कहा कि वो अपने रिलेशनशिप को लेकर बहुत खुश हैं और इतनी खुश हैं कि खुद को चांद पर महसूस करती हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वो अपने पार्टनर के साथ चांदनी रातों का लुत्फ उठाती हैं, तो तारा ने मुस्कराते हुए जवाब दिया कि हां, ये अनुभव बेहद खास होता है, बिल्कुल चौदहवीं के चांद जैसा।

मुझे सच्चा प्यार मिला

इस बातचीत में तारा ने साफ किया कि प्यार उनके लिए सबसे जरूरी चीज है और वो हमेशा से इसे सबसे ऊपर रखती हैं। उन्होंने कहा, मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे अपने प्यार पर भरोसा रहा। मैं उन लोगों में से हूं जो प्यार में यकीन रखते हैं। हालांकि इस बातचीत के दौरान उन्होंने वीर पहाड़िया का नाम तो नहीं लिया लेकिन अब फैंस उनका नाम सीधे वीर से ही जोड़कर देख रहे हैं। इस बातचीत के दौरान उन्होंने ये भी कहा कि जब आप प्यार को जरूरत से ज्यादा खोजने लगते हैं, तो वो अक्सर दूर चला जाता है। लेकिन जब सही वक्त आता है, तो वो अपने आप आपके जीवन में आ जाता है।

वीर पहाड़िया संग कई बार दिख चुकीं तारा

कभी सारा अली खान के साथ रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में रहे वीर पहाड़िया के अब तारा को डेट करने की खबर है। दोनों को कई बार मुंबई और डिनर डेट्स पर एक साथ देखा गया है। साथ ही सोशल मीडिया पर भी उनके बीच की कैमिस्ट्री सबके दिलों को जीत रही है। हाल ही में तारा ने दिल्ली में आयोजित इंडिया कोचर वीक 2025 में रैंप वॉक किया। उस वक्त भी ऑडियंस में वीर पहाड़िया ने उन्हें फ्लाइंग किस दिया था।



पाकिस्तान से लड़ाई की एक और कहानी! मौनी रॉय और नवीन कस्तूरिया रोंगटे खड़े करने वाले हैं

कुछ लड़ाइयां युद्ध के मैदान में नहीं लड़ी जाती हैं, वे बुद्धिमत्ता, बुद्धि और रणनीति से लड़ी जाती हैं! जियो हॉटस्टार ने जल्द रिलीज होने वाली अपनी हाई-ऑक्टेन स्पाई थ्रिलर का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित, सलाकार आपको एक ऐसी दुनिया में ले जाता है जहां वफादारी मुश्किल से मिलती है, मौन अस्तित्व है और एक आदमी का पिछला मिशन एक राष्ट्र के भाग्य का फैसला कर सकता है। हर कदम पर कर्तव्य और हर मोड़ पर छल के साथ, सलाकार सिर्फ एक टाइटल नहीं है, यह उन लोगों की याद दिलाता है जो सलाह देते हैं, काम करते हैं, और गायब हो जाते हैं। नवीन कस्तूरिया, मौनी रॉय, मुकेश ऋषि, पूर्णेंदु भट्टाचार्य, अश्वथ भट्ट और सूर्या शर्मा की सीरीज फारुक कबीर के डायरेक्शन में बनी है और स्फीयरऑरिजिन्स और माहिर फिल्म्स की बनाई है।

दो समय-सीमाओं 1978 और 2025 में बेस्ड सलाकार खुफिया तंत्र, परमाणु खतरों और अधूरे मिशनों की गुप्त दुनिया में उतरती है। ट्रेलर अधीर के जीवन की एक दिलचस्प झलक पेश करता है, जो एक सीक्रेट जासूस है जिसने कभी पाकिस्तान की कोशिशों को नाकाम किया था, लेकिन दशकों बाद राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में उसे उसी मिशन का सामना करना पड़ा। समय बीतता जा रहा है और पुराने दुश्मन फिर से उभर रहे हैं, ऐसे में एक ऐसे टकराव का मंच तैयार है जहां काफी कुछ होगा।

निर्देशक फारूक कबीर ने इसके बारे में कहा, मेरा हमेशा से मानना रहा है कि सच्चाई अक्सर कल्पना से ज्यादा अजीब होती है और बुद्धिमत्ता की दुनिया इसका एक आदर्श उदाहरण है। सलाकार वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित है, लेकिन हमें उस दुनिया के भावनात्मक और नैतिक परिणामों का पता लगाने के लिए क्रिएटिव हो रहे हैं। यह न केवल एक राष्ट्र के प्रति, बल्कि लोगों, स्मृति और आदर्शों के प्रति वफादारी की कहानी है। इतने अच्छे कलाकारों और जियो हॉटस्टार के साथ काम करने से मुझे एक ऐसी दुनिया बनाने की आजादी मिली जो बेहतरीन है। सलाकार 8 अगस्त से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग हो रही है, जहां हर रहस्य की एक कीमत है और हर कदम आपका आखिरी हो सकता है।

अनुपमा में परी का किरदार मिलना सरप्राइज की तरह था

टीवी के लोकप्रिय सीरियल अनुपमा में परी का किरदार निभा रहीं एक्ट्रेस इशिता दत्ता ने बताया कि जब वह शो के प्रोड्यूसर से मिली थीं, तो उन्हें बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि उन्हें इस शो में काम मिलेगा। उनके लिए परी का रोल मिलना एक सरप्राइज जैसा था। इशिता दत्ता का किरदार काफी चुलबुली और नेक दिल वाली लड़की का है, जिसके चलते लोग उनके किरदार को काफी पसंद कर रहे हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि परी का रोल निभाना उनके लिए बेहद खास और मजेदार रहा। उन्हें इस किरदार में काम करने में खुशी भी महसूस हुई और एक गहरी सीख भी मिली।

इशिता ने कहा, मुझे परी की सकारात्मक सोच और संस्कार काफी पसंद हैं, जो अनुपमा के मार्गदर्शन से प्रेरित हैं। जिंदगी में मुश्किलों के बावजूद, परी हमेशा आत्मविश्वास से भरी रहती है और सही बात के लिए हमेशा डटकर खड़ी होती है। परी का आत्मविश्वास और मुश्किलों का सामना करने की ताकत को पर्दे पर दिखाना मुझे सुकून भरा एहसास देता है। मैं इस किरदार को पाकर आभारी महसूस कर रही हूं।

अजय देवगन की एक्टिंग के कायल हुए सुनील शेट्टी

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म सन ऑफ सरदार 2 थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार था। फिल्म को सोशल मीडिया पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। फिल्म में अजय देवगन और मृणाल ठाकुर की केमिस्ट्री नेटिजंस पसंद कर रहे हैं। एक्टर सुनील शेट्टी ने सन ऑफ सरदार 2 देखने के बाद फिल्म को लेकर अपनी राय दी है। आइए जानते हैं क्या बोले अभिनेता।

सुनील शेट्टी ने अपने एक्स अकाउंट पर एक ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने अपने बेटे अहान शेट्टी और अजय देवगन के साथ एक तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही अभिनेता ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा कि उन्होंने अहान और अजय देवगन के साथ सन ऑफ सरदार 2 देखी। ये फिल्म हंसी का जोरदार धमाका है और उन्होंने अजय देवगन की एक्टिंग की तारीफ की। इसके अलावा सुनील शेट्टी ने कहा कि यह फिल्म हर पीढ़ी को हंसा सकती है।

अजय देवगन की फिल्म सन ऑफ सरदार 2 का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा ने किया है। इसके निर्माता अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, एन. आर. पचिसिया और प्रवीन टालरेजा हैं। फिल्म में अजय देवगन के अलावा मृणाल ठाकुर, कुबरा सैत, दीपक डोबरियाल, रवि किशन और विंदु दारा सिंह मुख्य भूमिका में हैं।



कभी सीक्रेट एजेंट, तो कभी बेचारी पत्नी बन इन किरदारों से छाईं तापसी पन्नू

सिनेमाई दुनिया की जानी-मानी अभिनेत्री तापसी पन्नू अपना 38वां जन्मदिन मना रही हैं। एक्ट्रेस ने अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं, जिनमें उन्होंने अपने अभिनय से दर्शकों को दीवाना बनाने का काम किया है। आइए जानते हैं एक्ट्रेस की उन फिल्मों के बारे में, जिन्हें काफी पसंद किया गया।

पिंक

साल 2016 में अनिरुद्ध रॉय के निर्देशन में पिंक फिल्म रिलीज हुई। इस फिल्म में तापसी पन्नू ने मीनल अरोड़ा की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म की कहानी तीन लड़कियों पर आधारित है, जिन्हें एक झूठे केस में फंसाया जाता है। पर वह अपने हक और सम्मान के लिए कानूनी लड़ाई लड़ती हैं। अभिनेत्री तापसी पन्नू के साथ फिल्म में वकील की भूमिका में अमिताभ बच्चन नजर आए हैं।

थप्पड़

अनुभव सिन्हा के निर्देशन में साल 2020 में थप्पड़ फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी में दिखाया जाता है कि एक थप्पड़ किसी महिला के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने के लिए काफी है। इसमें घरेलू हिंसा ना करने का संदेश दिया गया है। फिल्म में तापसी पन्नू का किरदार अपने पति से कानूनी लड़ाई लड़ती है।

नाम शबाना

शिवम नायर के निर्देशन में साल 2017 में नाम शबाना फिल्म रिलीज हुई थी। यह एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है, जिसमें तापसी पन्नू ने शबाना का किरदार निभाया है। फिल्म में दिखाया जाता है कि शबाना के बॉयफ्रेंड की हत्या हो जाती है, फिर शबाना सीक्रेट एजेंट बनती है और अपने प्रेमी के हत्या का बदला लेती है।

बदला

2019 में आई इस फिल्म में तापसी पन्नू और अमिताभ बच्चन मुख्य भूमिका में नजर आए हैं। इस फिल्म का निर्देशन सुजॉय घोष द्वारा किया गया है। इस फिल्म की कहानी मर्डर मिस्ट्री पर आधारित है, जिसमें जबरदस्त सस्पेंस देखने को मिलता है।

हसीन दिलरुबा

2021 में आई इस फिल्म में तापसी पन्नू ने शानदार अभिनय किया है। इस फिल्म की कहानी में एक्ट्रेस ने एक शादीशुदा महिला का किरदार निभाया है, जिसमें उन्हें अपने पति के भाई से प्रेम से हो जाता है। इसके बाद वो अपने पति के साथ मिलकर उसकी हत्या कर देती हैं। इस फिल्म की कहानी ने दर्शकों को आकर्षित किया था।

संक्षिप्त समाचार

शिशु वाटिका में कांवड़ यात्रा एवं जलाभिषेक किया गया

जांजगीर //समय दर्शन //सरस्वती शिशु मंदिर चांपा में नन्हे भैया बहन ने कांवड़ यात्रा भोलेनाथ में जलाभिषेक किया विद्यालय में शिशु वाटिका के तहत अपने संस्कृति परंपरा का अवगत कराते हुए एकता और भाईचारे की भावना के साथ कांवड़ यात्रा के महत्व और धार्मिक परंपराओं के बारे में सिखाने का प्रयास किया इस आयोजन में बच्चे कांवड़ व ध्वज लेकर बम बम भोले बोल बम ,हर-हर महादेव के बोल विद्यालय में गुंज उठा, विद्यालय परिसर में एक छोटी यात्रा की इस दौरान, उन्हें कांवड़ यात्रा के बारे मे और पारंपरिक लोकगीत गाने के लिए प्रोत्साहित किया । इस कार्यक्रम प्राचार्य अश्विनी कुमार कश्यप , प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार पाण्डेय ,जिला प्रमुख शिशु वाटिका श्रीमती उषा देवांगन व श्रीमती जय कंसारी , श्रीमती गीता शर्मा, श्रीमती खुशबू कैवर्त, श्रीमती केश्वरी नामदेव, श्रीमती रजनी पाण्डेय, श्री सुनित स्वर्णकार, श्री योगेश, श्रीमती निशु राठौर,श्रीमती संगीता यादव, श्रीमती राखी सिंह, शिव शिव कुमार बरेठ एवं विद्यालय परिवार सहयोग किये।

हाफबिजली बिल योजना समाप्ति के विरोध में कांग्रेस का आज पत्रकार वार्ता

मुंगेली(समय दर्शन)राज्य सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना की 400 यूनिट की सीमा को समाप्त किए जाने और बिजली दरों में बेतहाशा वृद्धि के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की गई है। इसी कड़ी में मुंगेली जिले में 6 अगस्त को एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया जाएगा।जिला कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य की भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना में बदलाव कर आम जनता के साथ छल किया गया है। इससे न सिर्फ योजना का मूल उद्देश्य प्रभावित हुआ है, बल्कि आम लोगों पर बिजली बिल के नाम पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी डाल दिया गया है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर पूरे छत्तीसगढ़ में विरोध प्रदर्शन की रूपरेखा तय की गई है, ताकि आम जनता को न्याय दिलाया जा सके और पूर्ववर्ती योजना के लाभों को फिर से बहाल किया जा सके।इसी विषय को लेकर दिनांक 6 अगस्त 2025, बुधवार को दोपहर 12:30 बजे कांग्रेस भवन, पड़ाव चौक, मुंगेली में एक पत्रकार वार्ता आयोजित की गई है। इसमें सभी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं वेब मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति सादर प्रार्थित है।स्थान: कांग्रेस भवन, पड़ाव चौक, मुंगेली दिनांक: 06 अगस्त 2025, बुधवार समय दोपहर 12:30 बजे आयोजित किया जाएगा उक्त जानकारी घनश्याम वर्मा अधयक्ष जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली द्वारा निर्देश पर जिला मिडिया प्रभारी नवनीत शुक्ला द्वारा दिया गया।

धारदार हथियार लेकर गुण्डागर्दी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग। जिले की थाना जामुल पुलिस ने धारदार हथियार लेकर गुण्डागर्दी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी शीतला तालाब के पास छावनी में चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित कर रहा था। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 04.08.2025 को रात्रि में थाना जामुल पुलिस को टाउन पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिला की हेमंत कुमार जोशी नामक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से धारदार हथियार चाकू रखकर शीतला तालाब के पास छावनी में सांस्कृतिक कार्यक्रम में आकर आने - जाने वाले लोगो को डरा - धमका रहा है।

सच्चिदानंद उपाध्याय का निधन

राजनांदगांव। तुलसीपुर निवासी श्री सच्चिदानंद उपाध्याय (आयु 80 वर्ष) का दिनांक 5 अगस्त को रात्रि 1.30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे राजनांदगांव स्थित जिला अस्पताल बसंतपुर में पदस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार आज 11 बजे लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे धर्मपत्नी, दो पुत्र, एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। ज्ञात हो कि वे पत्रकार शुभम उपाध्याय

संकुल केन्द्र बड़ेटेमरी मे संकुल स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

बसना (समय दर्शन)। छत्तीसगढ़ा शासन के आदेशानुसार संकुल केन्द्रों के शैक्षणिक कार्यों में कसावट लाने हेतु बीईओ विनोद शुक्ला, बीआरसी बद्री विशाल जोल्हे, एबीईओ लोकेश्वर सिंह कंवर के मार्गदर्शन में संकुल बड़ेटेमरी अंतर्गत समस्त शालाओं के प्रधान पाठक, प्रभारी,सफाईकर्मी, रसोइया की अति आवश्यक बैठक संकुल नोडल प्राचार्य शरद कुमार प्रधान और संकुल समन्वयक वारिश कुमार के नेतृत्व में किया गया।

जिसमे विभिन्न विषयों पर चर्चा परिचर्चा की गई । जिसमें प्रमुख रूप से नि:शुल्क गणवेश और किताब वितरण,शिक्षक डायरी प्रति दिवस भरने, विद्यार्थी विकास सूचकांक, मध्यान्ह भोजन गुणवत्तापूर्ण और मीनू अनुसार हो, मासिक पाठ्यक्रम अनुसार अध्यापन कार्य, नेवता भोज, अपार आईडी, जाति प्रमाण पत्र, एक पेड़ मां के नाम के तहत सभी दर्ज छात्रों द्वारा वृक्षारोपण,जर्जर भवन में शाला संचालन नही करने ,समुदाय को विद्यालय से जोड़ने, विद्यालय स्वच्छता,प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की प्रतिदिवस एंट्री,सुरक्षित शनिवार के तहत, बाढ़,आकाशीय बिजली,सर्पदंश से बचने के उपाय,रजत जयंती कार्यक्रम,स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम,100 दिन 100 कहानी,मुस्कान पुस्तकालय और अभ्यास पुस्तिका का कक्षा में भरपूर उपयोग, छात्रवृत्ति हेतु इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक में पात्र छात्रों का आधार के माध्यम से खाता खुलवाने, सोख्ता गढ्ढ़ा,हर घर तिरंगा महोत्सव,आयरन फोलिक एसिड टेबलेट वितरण व एंट्री,एनइपी अंतर्गत इतिहास लेखन,चर्चा पत्र, मुख्यमंत्री गुणवत्ता अभियान,दिव्यांग चिन्हांकन एवं आकलन, विद्यार्थी विकास सूचकांक,विभागीय दर्पण पोर्टल में मूलभूत संरचना एंट्री आदि विषयों पर गहन चर्चा की गई । संकुल बैठक में प्रधान पाठक असीम पाइक,भोला प्रसाद सामल,आनंद कर, अरक्षित सोना,श्रीमती शोभा नायक, शब्बीर खान,श्रीमती रीता पति, तोप सिंह सिदार,श्रीमती सरिता प्रधान,हनीफ खान,ललित भार,गुलबराय पटेल, व्याख्याता कौशिक सामल, पुरुषोत्तम साहू,कन्हैयालाल साव,श्रीमती कुमुदिनी पटेल उपस्थित रहे।

जांजगीर चांपा जिला के विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा का मामला

पद जाने के सालभर बाद भी नहीं छूट रहा कुर्सी का मोह, कलेक्टर के आदेश को व्याख्याता 1 साल से दिखा रहा ठेंगा

बिर्रा (समय दर्शन)। जांजगीर चांपा जिला के तत्कालीन कलेक्टर आकाश कुमार छिकारा के आदेश को पिछले 1 साल से व्याख्याता के द्वारा ठेंगा दिखाया जा रहा है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में पदस्थ व्याख्याता का प्राचार्य के पद जाने के बाद भी वर्तमान प्राचार्य को वित्तीय अधिकार नहीं देने से वर्तमान प्राचार्य को बेवजह भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्राचार्य का पद जाने के बाद भी व्याख्याता कुर्सी का मोह नहीं छोड़ रहा है। जिसके कारण महिला प्राचार्य के अधिकारों का हनन हो रहा है। इसके बावजूद महिला प्राचार्य को आर्थिक, शारीरिक और मानसिक परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिला के विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में वर्तमान में दो प्राचार्य कार्यरत हैं। लेकिन मजेदार बात यह है कि व्याख्याता फागूलाल साहू जो पूर्व में प्राचार्य के पद पर पदस्थ था। जिसको जांजगीर चांपा जिला के तत्कालीन कलेक्टर महोदय आकाश कुमार छिकारा के द्वारा विभागीय कार्यों में अनुशासनहीनता, कार्य के प्रति घोर लापरवाही और स्वेच्छाचारिता इसके अतिरिक्त बच्चों के कम प्रतिशत अंक पाने के कारण तत्कालीन कलेक्टर महोदय के द्वारा तत्कालीन प्राचार्य फागूलाल साहू को प्राचार्य के पद से हटाकर उनके स्थान पर व्याख्याता मनीषा बेबी चौहान को प्राचार्य बनाया गया है। लेकिन मनीषा बेबी चौहान प्राचार्य के पद पर हैं। इसके बावजूद फागूलाल साहू व्याख्याता के द्वारा वर्तमान प्राचार्य मनीषा बेबी चौहान को वित्तीय अधिकार नहीं दिया जा रहा है। व्याख्याता फागूलाल साहू बाकायदा प्राचार्य के कुर्सी पर बैठकर प्राचार्य का हस्ताक्षर भी करता है। एक ही विद्यालय में दो-दो प्राचार्य का होना शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के लापरवाही और मिलीभगत को उजागर करता है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा के प्राचार्य मनीषा बेबी चौहान को महिला वर्ग होने के नाते व्याख्याता फागूलाल साहू के द्वारा पूर्ण रूप से आज पर्यंत तक 1 साल बाद भी पूर्ण प्रभार नहीं दिया जाना व्याख्याता फागूलाल साहू का विभागीय कार्यों में अनुशासनहीनता कार्य के प्रति घोर लापरवाही और स्वेच्छाचारिता को प्रदर्शित करता है। आजकल यह बात शिक्षकों एवं अध्यनरत छात्र-छात्राओं में और बिर्रा एवं आसपास के गांवों के लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में पदस्थ व्याख्याता फागूलाल साहू तत्कालीन कलेक्टर साहब के आदेश को ठेंगा दिखा रहा है। कहीं ना कहीं शिक्षा विभाग के जिला के उच्च अधिकारियों के साथ व्याख्याता फागूलाल साहू का मिलीभगत लग रहा है। जिसकी लिखित में शिकायत वर्तमान प्राचार्य मनीषा बेबी चौहान के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर चांपा अश्वनी भारद्वाज को दिया जा चुका है। इसके बावजूद भी जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर चांपा अश्वनी भारद्वाज के द्वारा प्राचार्य मनीषा बेबी चौहान को पूर्ण रूप से प्रभार नहीं दिला सका है। यह बात विभागीय अधिकारियों की अनुशासनहीनता कार्य के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता और स्वेच्छाचारिता को दर्शाता है। अगर सूत्रों की माने तो जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर चांपा अश्वनी भारद्वाज का व्याख्याता फागूलाल साहू के ऊपर पूरा-पूरा क्षत्रछाया लग रहा है। यहां पर महिला प्राचार्य के अधिकारों का व्याख्याता फागूलाल साहू के द्वारा हनन किया जा रहा है। यहां पर एक महिला कर्मचारी के अधिकारों का मजाक उड़ाया जा रहा है और शिक्षा विभाग के अधिकारी के अलावा जिला के उच्च अधिकारी हाथ पर हाथ धरे कुर्सी में बैठकर कार्यालय की शोभा बढ़ा रहे हैं। एक महिला कर्मचारी के अधिकारों का हनन हो रहा है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा के व्याख्याता फागूलाल साहू के अलावा शिक्षा विभाग की बदनामी हो रही है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केरा रोड बिर्रा में कक्षा 09वीं से लेकर 12वीं तक बच्चों का परीक्षा परिणाम 97त्न रहा है। इसके बावजूद भी व्याख्याता फागूलाल साहू के द्वारा प्राचार्य मनीषा बेबी चौहान को पूर्ण रूप से प्रभार नहीं दिया जा रहा है। यह बात बिर्रा एवं आसपास गांवों के गुरुजनों और अभिभावकों के बीच में चर्चा का विषय बना हुआ है।

बहरहाल कारण चाहे जो भी हो शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा के प्राचार्य मनीषा बेबी चौहान को व्याख्याता फागूलाल साहू के द्वारा बेवजह पूर्ण रूप से प्रभार नहीं देना कुल मिलाकर यहां पर एक महिला के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। प्राचार्य मनीषा बेबी चौहान ने जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर चांपा के अलावा जिला के कलेक्टर महोदय जन्मेजय महोबे जी से पूर्ण प्रभार वित्तीय अधिकार के साथ दिलाने की मांग की है।

एक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में दो-दो प्राचार्य- विगत एक वर्षो से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में दो प्राचार्य है। पिछले वर्ष माननीय तत्कालीन कलेक्टर महोदय आकाश कुमार छिकारा ने श्री फागुलाल साहू व्याख्याता जो शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा का प्रभारी प्राचार्य था। उनको हटाकर मनीषा बेबी चौहान व्याख्याता को प्रभारी प्राचार्य बनाया गया है। श्री फागुलाल साहू व्याख्याता द्वारा प्राचार्य के बदलने के बाद भी प्रभार नही दे रहा था ।उनको इस पद से बहुत मोह था। कुछ दिनों के बाद मनीषा बेबी चौहान को प्रभारी प्राचार्य का प्रभार तो दिया लेकिन आधा अधूरा ही दिया गया है। अभी भी प्राचार्य के कुर्सी में श्री फागुलाल साहू ही बैठता है और इसके बावजूद प्राचार्य का शील से हस्ताक्षर भी करता है। इधर मनीषा बेबी चौहान भी प्राचार्य का हस्ताक्षर करती है। यह बात शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा के स्टाप के गुरुजनों एवं आसपास के विद्यालय के शिक्षकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। मनीषा बेबी चौहान का कहना है कि मैं इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर चांपा अश्वनी भारद्वाज को अवगत करा चुकी हूँ। इस पर यदि आवश्यक कार्यवाही नही होती है तो उनकी समस्त जवाबदारी शिक्षा विभाग के अधिकारी के अलावा जिला के उच्च अधिकारियों की होगी।

मेरे विद्यालय में दो लोग प्रभार में हैं। प्रशासनिक प्रभार में चौहान मैडम है, और मैं वित्तीय प्रभार में हूं।

फागूलाल साहू, व्याख्याता
शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा

जितने भी प्राचार्यो का प्रभार पिछले वर्ष बदले हैं। उसकी परीक्षा फल की समीक्षा /बैठक करके पुन: निर्णय लिया जाएगा।

अश्वनी भारद्वाज,
जिला शिक्षा अधिकारी
जांजगीर चांपा

जनदर्शन: कलेक्टर ने सुनी आमजनों की मांगें एवं समस्याएं, नियमानुसार निराकरण के दिए निर्देश

दिव्यांग उमाशंकर पात्रे को प्रदान किया ट्राईसाईकिल

दृष्टिबाधित दिव्यांग गगन को पढ़ाई के लिए मिलेगा लैपटॉप

मुंगेली(समय दर्शन) जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिले के आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनी और नियमानुसार निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम गोरखपुर के दिव्यांग उमाशंकर पात्रे ने ट्राईसाईकिल की मांग की। उन्होंने बताया कि दिव्यांगता के कारण चलने-फिरने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। कलेक्टर ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल ट्राईसाईकिल प्रदान किया। इससे उमाशंकर के चेहरे में मुस्कान लौट आई। इसी तरह पथरिया विकासखण्ड के ग्राम बदरा (ब.) के दृष्टिबाधित दिव्यांग गगन कुर्रे ने बताया कि उन्होंने कक्षा 12वीं 76 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है तथा आगे की पढ़ाई करना चाहते हैं। दृष्टिबाधित होने के कारण वे पेन से नहीं लिख सकते, असाइमेंट, प्रोजेक्ट वर्क और अन्य शैक्षणिक कार्यों को टायपिंग के माध्यम से करते हैं, उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर नहीं है उन्होंने आगे की पढ़ाई के लिए लैपटॉप की मांग की। कलेक्टर ने गगन की शैक्षणिक, आर्थिक स्थिति पर गंभीरता से विचार करते हुए लैपटॉप सहित अन्य सुविधाओं के लिए सहमति जताई। इस दौरान अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय अपर कलेक्टर श्रीमती मेनका प्रधान, मुंगेली एसडीएम श्रीमती पार्वती पटेल सहित सबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

154 आवेदन प्राप्त हुए

जनदर्शन में आमजनों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 154 आवेदन प्रस्तुत किए, इनमें गौ सेवा कल्याण समिति के अध्यक्ष ने दुर्घटनाग्रस्त गायों को चिकित्सालय लेने जाने के लिए एम्बुलेंस प्रदान करने, ग्राम बांकी के ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत कराने, भालूखोंदरा की शशीबाई ने दिव्यांग पेंशन दिलाने, ग्राम ढोठमा के ग्रामीणों ने शासनकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, ग्राम घुठेली के शिवप्रसाद ने प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत किस्त की राशि दिलाने, ग्राम देवरी के संतोष कुमार ने पैतृक भूमि का आपसी बंटवारा कराने, ग्राम उमरिया के भागबली ने अपनी पुत्रियों की जाति प्रमाण पत्र बनवाने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण की मांग की। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के नियमानुसार निराकरण के लिए आश्वस्त किया।

सखी री सावन मन भायो

जांजगीर //समय दर्शन// सरस्वती शिशु मंदिर चांपा में बालिका शिक्षा के अंतर्गत दिनाँक 02/08/2025 को सखी री सावन भन भायो कार्यक्रम का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि श्रीमती वंदना पाण्डेय (महिला ब्राह्मण समाज अध्यक्ष), श्रीमती अन्नपूर्ण शुक्ला शा मा शाला खपरीडीह प्रधान पाठक, श्रीमती कल्पना पटनायक शा.उ.मा शाला महुदा च शिक्षिका, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य श्री कमललाल देवांगन जी के आतिथ्य में संपन्न हुआ कार्यक्रम में विद्यालय के भैया -बहनों की पालक माताओं ने उत्साह पूर्वक सहभागिता लिया माताओं के लिए विविध प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन झुला,कुर्सी दौड़, बाती बनाओ आदि शामिल है। कार्यक्रम का आरंभ सम्मानीय अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। बालिका शिक्षा प्रमुख दीदी श्रीमती ललिता तिवारी के द्वारा बालिका शिक्षा के 10 परिषदों की जानकारी एवं बालिका शिक्षा के उद् ?देश्य पर प्रकाश डाला गया। जिला शिशु वाटिका प्रमुख दीदी श्रीमती उषा देवांगन के द्वारा स्वर्ण प्राशन के महत्व, मोबाईल का उपयोग भोजन के समय न करने हेतु माताओं से आग्रह किया गया गृहकार्य , पठन-पाठन संबंधी चर्चा माताओं से की गई। मुख्य अतिथि श्रीमती वंदना पाण्डेय जी द्वारा सावन महोत्व के बारे में जानकारी दी गई श्रीमती अन्नपूर्णा शुक्ला जी द्वारा अभिभावक के रूप में माताओं की अहम भूमिका होती है इस संदर्भ में जानकारी एवं वर्तमान समय में बालिकाओं पर पाश्चात्य संस्कृति के प्रभावों से बचने के संदर्भमें जानकारी दी गई। श्रीमती आर. कल्पना परनायक जी द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर में पड़ने वाले भैया / बहनों के संस्कार शिक्षा घर व विद्यालय मिलकर माताओं से चर्चा की जानकारी दी गई एवं समाज में शिशु मंदिर की महत्ता क्या है इस पर जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार पाण्डेय जी द्वारा अभिभावकों अभिभावक माताओं को भैया । बहनों के सर्वांगीण विकास के संदर्भ में विद्यालय में होने वाले विविध कार्यक्रमों को अवगत कराया गया विद्यालय के प्राचार्य श्री अश्विनी कुमार कश्यप जी द्वारा भैया। बहनों के पालन-पोषण में माँ की अहम भूमिका होती है माँ एक सृजनकर्ता के रूप में होती है बालक-बालिकाओं को एक योग्य नागरिक बनाने में अहम् भूमिका निभाती है इस संदर्भ में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में मातृ भारती का गठन किया गया कार्यक्रम का संचालन कन्याभारती अध्यक्ष बहिन तृप्ति यादव द्वारा किया गया।

उक्त कार्यक्रम में बालिका शिक्षा प्रमुख श्रीमती ललिता तिवारी श्रीमती मीनी देवांगन के मार्गदर्शन व श्रीमती उषा देवांगन, श्रीमती गीता शर्मा, श्रीमती वंदना सोनी, श्रीमती रजनी पाण्डेय, श्रीमती केश्वरी नामदेव, श्रीमती खुशबू कैवर्त, श्रीमती जया कंसारी, श्रीमती रीना द्विवेदी, श्रीमती निशु राठौर,श्रीमती कल्पना यादव, श्रीमती दीपक साहू,कु.पायल देवांगन,कु.मल्लीका राठौर, श्रीमती पुष्पा राठौर,कु.रोशनी कंवर ,श्रीमती अनुसुइया यादव, श्रीमती पार्वती यादव

खबर-खास

ब्लाक प्रभारी अगमदास अनंत की अध्यक्षता में कुंडा कांग्रेस कमेटी का गठन

कवर्धा (समय दर्शन)। कांग्रेस कुंडा जोन मंडल में सेक्टर कमेटी का गठन ब्लाक प्रभारी अगमदास अनंत की अध्यक्षता में शनिवार को हुआ। ब्लाक प्रभारी श्री अनंत ने बताया कि सेक्टर कमेटी के गठन से संगठन में मजबूती आएगी और पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नए जोश व उत्साह के साथ पार्टी की जीत के लिए कार्य करेंगे। उन्होने बताया कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, जिला प्रभारी गुरु रुद्र कुमार, पूर्व मंत्री मो. अकबर, पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, विधायक प्रत्याशी नीलू चंद्रवंशी, लालजी चंद्रवंशी व जिला अध्यक्ष होरीराम साहू के मार्गदर्शन में कुंडा जोन में मंडल/ सेक्टर कमेटी का गठन ब्लॉक प्रभारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष उतरा दिवाकर के साथ पार्टी पदाधिकारी एवं जोन सेक्टर व बूथ अध्यक्ष सहित सभी पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। साधे अनंत, हरचरण खनूजा, उत्तर चन्द्राकर, हरेंद्र चन्द्राकर, राम खेलावन साहू, सनत चंद्राकर, जलेश्वर यादव, रोमी खनूजा, अजय चंद्राकर, प्रीति ठाकुर, गौतम मानिकपुरी, युगल किशोर साहू, सत्येंद्र दिवाकर, चंद्रभान गायकवाड़, आरती, सुमन, शिव सहाय चंद्राकर, भागवत चंद्राकर, बेदी राम यादव, अमरनाथ पात्रे, सुरेश चंद्राकर, अनिल कुमार सवैया, अमर चंद्राकर, दीपक चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इंडसइंड बैंक ने राजीव आनंद को नियुक्त किया एमडी और सीईओ

मुंबई: इंडसइंड बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आज बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में राजीव आनंद की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। उनकी नियुक्ति 25 अगस्त, 2025 से तीन साल के लिए प्रभावी होगी। राजीव आनंद का बैंकिंग और वित्तीय उद्योग के कई क्षेत्रों में 35 वर्षों से अधिक का शानदार करियर रहा है। अपनी सबसे हालिया भूमिका में, राजीव एक्सिस बैंक लिमिटेड के साथ उप प्रबंध निदेशक के रूप में जुड़े हुए थे। राजीव के पास पूंजी बाजार, ट्रेजरी और परिसंपत्ति प्रबंधन (asset management) में विशेषज्ञता के साथ खुदरा और कॉर्पोरेट व्यवसायों को बढ़ाने का एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड है। इस नियुक्ति के साथ, बैंक ने सही दक्षताओं और मजबूत मूल्यों वाले एमडी और सीईओ की तेजी से पहचान करने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा किया है। इस नियुक्ति पर टिप्पणी करते हुए, इंडसइंड बैंक के निदेशक मंडल के अध्यक्ष, श्री सुनील मेहता ने कहा: बोर्ड की ओर से, मैं राजीव आनंद को बैंक के एमडी और सीईओ के रूप में नियुक्त होने पर बधाई देता हूँ। बोर्ड उच्चतम शासन मानकों को प्राथमिकता देते हुए मजबूत और जोरदार वृद्धि प्रदान करने के लिए राजीव और प्रबंधन टीम के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक है। बोर्ड इस पूरी प्रक्रिया के दौरान अपने अमूल्य समर्थन के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता है। बोर्ड, प्रबंधन टीम और सभी कर्मचारी राजीव का इंडसइंड परिवार में स्वागत करने और इस फ्रैंचाइज़ी को उसकी पूरी क्षमता तक बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।

पीलिया से नहीं हुई मृत्यु

दुर्ग/ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के निर्देशानुसार डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, जिला सर्वेलेंस अधिकारी, आई.डी.एस.पी. तथा श्रीमती रितिका सोनवानी, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट दुर्ग द्वारा शांतिपारा, बैकुंठ धाम का निरीक्षण किया गया। 03 अगस्त 2025 को ए.एन.एम. एवं मितानिन को पीलिया से मृत्यु की जानकारी प्राप्त होने पर आज 04 अगस्त 2025 को ए.एन.एम, मितानिन एवं पर्यवेक्षक के द्वारा सर्वे का कार्य किया गया। सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी से मिली जानकारी अनुसार सर्वे के दौरान मृतक के परिजनों के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 23 जुलाई 2025 को मरीज को पेट में दर्द होने पर शारदा पारा में स्थानीय चिकित्सक से इलाज करवाया गया। डॉक्टर के द्वारा पेट दर्द एवं गैस की दवाई दी गयी। मरीज को पुन: पेट दर्द होने पर पीलिया की जाँच हेतु पैथोलॉजी लैब भेजा गया। मरीज शराब के सेवन का आदी था। मरीज का पेट फूलने पर 29 जुलाई 2025 को सीएम मेडिकल कॉलेज कचांदुर जांच हेतु ले जाया गया। जहां से मरीज को मेकाहारा अस्पताल रायपुर रिफर किया गया। 29 जुलाई 2025 को शाम 8 बजे मेकाहारा अस्पताल से मरीज के घरवालों के द्वारा बालाजी हॉस्पिटल रायपुर मोवा ले जाया गया। लीवर में सुजन होना एवं शरीर के अन्दरूनी अंगों में सुजन होना बताया गोया।

सपनों का घर बनाने का हुनर सिखा रहा एसबीआई आरसेटी

नवागढ़ ब्लॉक के टेमरी गांव में चल रहा राजमिस्त्री प्रशिक्षण

बेमेतरा (समय दर्शन)- ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला बेमेतरा के नवागढ़ ब्लॉक स्थित राज्यपाल श्री रमेन डेका के गोदग्राम टेमरी में 15 जुलाई से 13 अगस्त 2025 तक राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण एसबीआई आरसेटी बेमेतरा (रूरल सेल्फ एम्प्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट) के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के तहत प्रतिभागियों को राजमिस्त्री का व्यावसायिक कौशल सिखाने के साथ-साथ बैंकिंग ज्ञान और उद्यमिता विकास की भी जानकारी दी जा रही है, जिससे वे भविष्य में स्वरोजगार की ओर अग्रसर हो सकें।

आरसेटी की जिले में शुरुआत- नए जिले के गठन के पश्चात इस वित्तीय वर्ष से ग्रामीण विकास मंत्रालय की पहल पर एसबीआई आरसेटी बेमेतरा की शुरुआत की गई है। यह संस्थान फिलहाल सिमगा रोड स्थित ग्राम चोरभट्ठी के लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में अस्थायी रूप से संचालित किया जा रहा है। यहां 18 से 45 वर्ष

के बीच के बेरोजगार युवक-युवतियों को नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाता है।

70 से अधिक ट्रेड में प्रशिक्षण उपलब्ध- आरसेटी के तहत लगभग 70 अलग-अलग विषयों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिनमें ब्यूटी पार्लर संचालन, महिला एवं पुरुष सिलाई, मोबाइल व मोटरसाइकिल रिपेयरिंग, एसी-फ्रिज मरम्मत, सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉलेशन, अगरबत्ती, मोमबत्ती, आचार, बड़ी-पापड़ निर्माण, मछली पालन, बकरी पालन, मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन आदि प्रमुख हैं। इस संस्थान का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना तथा बैंकिंग प्रणाली से जोड़ना है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

पीएम आवास योजना में मिलेगा कुशल राजमिस्त्रियों का योगदान- जिला पंचायत के सहयोग से संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से गांव के युवाओं को निर्माण कार्य का व्यावहारिक ज्ञान मिल रहा है। इससे वे भविष्य में प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में कुशल राजमिस्त्री के रूप में अपना योगदान दे सकेंगे। साथ ही यह पहल स्वाभिमान के साथ स्वावलंबन की ओर एक मजबूत कदम साबित होगी। इस प्रकार न केवल तकनीकी दक्षता बढ़ा रहा है, बल्कि गांवों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में भी अहम भूमिका निभा रहा है।

महापौर व आयुक्त का इंदिरा मार्केट औचक निरीक्षण, अतिक्रमण हटाने और यातायात सुधार के निर्देश

भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था सुधार और अतिक्रमण पर सख्त निर्देश

महापौर व आयुक्त ने इंदिरा मार्केट स्थित प्रतिमा स्थल और आस-पास चूना मार्किंग से होगी दुकानों की सीमा तय

दुर्ग (समय दर्शन)। त्योहारी सीजन में इंदिरा मार्केट क्षेत्र में बढ़ने वाली भीड़ और यातायात अव्यवस्था से निपटने के लिए नगर पालिक निगम दुर्ग की महापौर श्रीमती अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल ने आज सुबह इंदिरा मार्केट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर और आयुक्त ने बाजार व्यवस्था, सड़क की चौड़ाई, अतिक्रमण की स्थिति और यातायात मार्ग का बारीकी से जायजा लिया।

चूना मार्किंग से होगी दुकानों की सीमा तय- निरीक्षण के दौरान

महापौर व आयुक्त ने इंदिरा मार्केट स्थित प्रतिमा स्थल और आसपास के क्षेत्र में दुकानों की सीमा तय करने के लिए चुना मार्किंग कराने के निर्देश दिए। महापौर ने स्पष्ट कहा कि कोई भी दुकानदार सड़क क्षेत्र से आगे दुकान नहीं लगाएगा। यदि किसी ने तय सीमा से बाहर दुकान लगाई, तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा और दुकान को तत्काल हटाया जाएगा।

राखी दुकानों के पंडाल पर नाराज़गी- महापौर ने निरीक्षण के दौरान सड़क घेरकर लगाए गए बड़े-बड़े पंडालों में राखी की दुकानें देखकर नाराज़गी जताई। उन्होंने बाजार विभाग को निर्देश दिया कि दुकानदार छोटे आकार के पंडाल लगाएं और सड़क का पर्याप्त हिस्सा यातायात के लिए खाली छोड़ें। साथ ही, पसरा लगाने वालों के लिए अलग से मार्किंग की व्यवस्था करने को कहा, ताकि भीड़भाड़ कम हो और यातायात सुचारू रहे।

अतिक्रमण हटाने की सख्त कार्रवाई- निरीक्षण के दौरान पचरी पारा जाने वाली गली के पास अवैध रूप से बनाए गए चबूतरे को मौके पर जेसीबी मशीन से तोड़वाकर हटवाया गया।महापौर और आयुक्त ने चेतावनी दी कि बाजार क्षेत्र में किसी भी प्रकार का नया अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा।

त्योहारों में यातायात व्यवस्था को प्राथमिकता- महापौर श्रीमती बाघमार और आयुक्त श्री अग्रवाल ने कहा कि त्योहारी सीजन में इंदिरा मार्केट और प्रतिमा स्थल क्षेत्र में भीड़भाड़ को नियंत्रित करना और यातायात को सुचारू रखना प्राथमिकता है। उन्होंने दुकानदारों और नागरिकों से अपील की कि वे यातायात व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें और सड़क क्षेत्र में दुकानें आगे बढ़ाकर न लगाएं।

निरीक्षण दल में कई अधिकारी रहे मौजूद- इस निरीक्षण और कार्रवाई में एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, उपभियंता श्रीमती ठाकुर, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, ईश्वर वर्मा, गौतम साहू सहित निगम का अमला मौजूद रहा।

अवैध कब्जा हटाया जाएगा

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 02 वैशाली नगर अंतर्गत लिकेज पाइप लाईन, स्कूल के सामने अवैध पार्किंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, जल भराव, नाली एवं प्रस्तावित रोड निर्माण का निरीक्षण किया गया।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार जोन आयुक्त येशा लहरे द्वारा गौरव पथ अंतर्गत लिकेज पाईप लाईन संधारण कार्य का अवलोकन किया गया एवं संधारण कार्य में लगे कर्मचारियों को कार्य यथाशीध्र पूर्ण करने निर्देशित किया गया। जवाहर नगर में के. एच मेमोरियल स्कूल संचालित है, स्कूल प्रबंधन द्वारा सामने पार्किंग हेतु रिक्त स्थल को कब्जा कर लिया गया है। निगम आयुक्त के मंशानुरूप स्थल को कब्जा मुक्त कराने सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे को निर्देशित किया गया है। कैलाश नगर के घरों में वर्षा जल संरक्षण हेतु निर्माणाधीन रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का अवलोकन किया गया हैं एवं अन्य स्थलों में हार्वेस्टिंग सिस्टम वर्षाऋतु में ही पूर्ण करने निर्देशित किया गया है।

वार्ड क्रं. 21 की पार्षद नेहा साहू की उपस्थिति में कैलाश नगर भगत सिंह मार्ग मोहल्ले वासियों से चर्चा अनुसार बारिश एवं घरों से निकलने वाले पानी निकासी के लिए नाली एवं आवागमन हेतु रोड का निर्माण करना अतिआवश्यक है। जोन आयुक्त द्वारा दिए गए आश्वासन अनुसार रोड एवं नाली निर्माण कार्य हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा गया है, स्वीकृति पश्चात तत्काल कार्य कराया जाएगा एवं तत्कालीक व्यवस्था के रूप में कच्चे नाली एवं मलवा बिछाकर आवागमन की सुविधा बनाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, उप अभियंता अर्पित बंजारे उपस्थित रहे।

ओबेन इलेक्ट्रिक ने 1.27 लाख की शुरुआती कीमत पर नेक्स्ट-जेन Rorr EZ Sigma लॉन्च की

बेंगलुरु: भारत की घरेलू और रिसर्च-बेस्ड इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक (Oben Electric) ने आज अपनी नई कम्यूटर बाइक रोर ईज़ी सिग्मा (Rorr EZ Sigma) लॉन्च कर दी है। यह एक दमदार और नेक्स्ट-जेन इलेक्ट्रिक कम्यूटर बाइक है, जिसकी शुरुआती कीमत खास इंट्रोडक्टरी ऑफर के तहत 1. 27 लाख रखी गई है। Rorr EZ Sigma को खासतौर पर मॉडर्न इंडियन राइडर्स के लिए शहर में आरामदायक और बेहतरीन सफर देने के लिए डिजाइन किया गया है। यह बाइक पहले लॉन्च हुई ऋभह्ह र्श्व की मजबूत कम्यूटर पहचान पर आधारित है और इसमें हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर के कई नए अपग्रेड जोड़े गए हैं, ताकि राइडिंग एक्सपीरियंस और यूटिलिटी दोनों को और बेहतर बनाया जा सके। नए फीचर्स की बात करें तो इसमें रिवर्स मोड शामिल है, जिससे शहर की भीड़ वाली जगहों में बाइक को आसानी से घुमाया जा सकता है। वहीं, 5-इंच का TFT कलर डिस्प्ले अब और भी बेहतर डैशबोर्ड एक्सपीरियंस देता है, जिसमें इन-बिल्ट नेविगेशन, ट्रिप मीटर और कॉल, मैसेज व म्यूजिक के लिए रियल-टाइम अलर्ट की सुविधा है। लंबे सफर को कम्फर्टेबल बनाने के लिए एर्गोनॉमिक डिजाइन वाली नई सीट दी गई है। इसके अलावा बोल्ड ग्राफिक्स और नया इलेक्ट्रिक रेड कलर मौजूदा कलर्स जैसे फोटोन व्हाइट, इलेक्ट्रो एंबर और सर्ज सियान के साथ एक नई ताजगी लाता है।

एचडीएफसी बैंक ने नागरिकों को एपीके धोखाधड़ी से सावधान रहने के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश साझा किया

मुंबई: भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने ग्राहकों को एपीके (एंड्रॉइड पैकेज किट) धोखाधड़ी से सावधान रहने की सलाह दी है। इसका उद्देश्य ग्राहकों की सुरक्षा के लिए ऐसी धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

एपीके घोटाले में धोखेबाज आमतौर पर बैंक कर्मचारियों या सरकारी अधिकारियों का रूप धारण करके सोशल इंजीनियरिंग रणनीति का इस्तेमाल करते हैं। इसमें संदेश प्राप्तकर्ता को एक फ़र्ज़ी एपीके फ़ाइल प्राप्त होती है जो विश्वसनीय स्रोतों से होने का दावा करती है। जब कोई व्यक्ति इन फ़ाइलों को इंस्टॉल करता है तो धोखेबाज उनके फ़ोन पर पूरा नियंत्रण हासिल कर लेता है। फिर धोखेबाज कॉल और टेक्स्ट संदेशों को किसी अन्य डिवाइस पर रीडायरेक्ट कर सकता है और पीड़ितों के फ़ोन से डेटा चुरा सकता है। धोखेबाज पीड़ित के बैंक खाते(खातों) तक भी पहुँच सकते हैं और उनकी सहमति के बिना लेनदेन कर सकते हैं।

यह घोटाला कैसे काम करता है:

1. धोखेबाज़ आमतौर पर सरकारी अधिकारियों, बैंकों या जानी-मानी कंपनियों के कर्मचारियों का रूप धारण करके री-केवाईसी, ट्रैफ़िक जुर्माना भरने, आयकर वापसी आदि का झांसा देते हैं। पीड़ित को एक फ़र्ज़ी एपीके लिंक वाला संदेश भेजा जाता है।

सैमसंग गैलेक्सी Z फोल्ड7, Z फ्लिप7, Z फ्लिप7 FE, वॉच8, वॉच8 क्लासिक गो की आज से भारत में बिक्री शुरू

गुरुग्राम: भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज भारत में ग्राहकों के लिए अपनी सातवीं पीढ़ी के फोल्डेबल स्मार्टफोन्स- गैलेक्सी Z फोल्ड7, गैलेक्सी Z फ्लिप7, गैलेक्सी Z फ्लिप7 FE और गैलेक्सी वॉच 8 सीरीज की बिक्री की घोषणा की। आज से गैलेक्सी Z फोल्ड7, गैलेक्सी Z फ्लिप7, Z फ्लिप7 FE और गैलेक्सी वॉच8 सीरीज आपके नजदीकी रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध होंगे। उपभोक्ता इन डिवाइसेज को Samsung.com, अमेज़न और फ्लिपकार्ट पर भी खरीद सकते हैं। गैलेक्सी Z फोल्ड7, गैलेक्सी Z फ्लिप7, Z फ्लिप7 FE ने रिकॉर्ड प्री-ऑर्डर्स के साथ जबरदस्त सफलता हासिल की है, जो ब्रांड के सातवीं पीढ़ी के फोल्डेबल स्मार्टफोन्स के लिए उपभोक्ताओं के उत्साह और मांग को दर्शाता है। इन डिवाइसेज ने पहले 48 घंटों में 210,000 प्री-ऑर्डर्स हासिल किए, जो पिछले रिकॉर्ड्स को तोड़ते हुए इस साल की शुरुआत में गैलेक्सी S25 सीरीज के प्री-ऑर्डर्स के लगभग बराबर हैं। गैलेक्सी Z फोल्ड7, गैलेक्सी Z फ्लिप7: अल्ट्रा-थिन और लाइट के साथ स्मार्ट इंटेलिजेंस सैमसंग की वर्षों की इंजीनियरिंग और एडवांस्ड इंटेलिजेंस के साथ, गैलेक्सी Z फोल्ड7 और Z फ्लिप7 स्मार्टफोन इनोवेशन में अगला कदम हैं। ये सैमसंग के अब तक के सबसे पतले, हल्के और सबसे उन्नत Z सीरीज डिवाइस हैं। अत्याधुनिक प्रदर्शन और गैलेक्सी एआई के साथ, ये स्मार्टफोन्स यूजर की जरूरतों को रियल-टाइम में समझते और प्रतिक्रिया देते हैं। बड़े, लचीले डिस्प्ले, प्रो-ग्रेड कैमरा और कॉन्टेक्स्ट-अवेयर इंटेलिजेंस के साथ, ये डिवाइस प्रोडक्टिविटी, क्रिएटिविटी और कनेक्शन में एक नया आयाम प्रदान करते हैं। गैलेक्सी Z फोल्ड7 में सैमसंग की उन्नत तकनीकों को एक साथ लाया गया है और यह सबसे पतले, हल्के और सबसे उन्नत Z सीरीज डिज़ाइन में अल्ट्रा-लेवल अनुभव प्रदान करता है। इसका बड़ा स्क्रीन गेमिंग, स्ट्रीमिंग, कनेक्शन और क्रिएशन के लिए शानदार प्रदर्शन देता है। गैलेक्सी एआई फोल्डेबल फॉर्मेट के लिए अनुकूलित है।

समय-सीमा बैठक के बाद कलेक्टर ने सुनी जनदर्शन में लोगों की समस्याएं

जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 29 आवेदन प्राप्त हुए

बेमेतरा (समय दर्शन)- कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा की उपस्थिति में आज मंगलवार को समय सीमा की बैठक के बाद कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। आज के जन चौपाल में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 29 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी।

इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से

अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से वार्ड नं. 15 व 17 के समस्त मोहल्ला वासी ने वार्ड नं. 17 गौरव पथ-नवीन बाजार से सिंघौरी मार्ग की नाली सफाई कराने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील नवागढ़ वार्ड नं. 13 लालबंद पारा निवासी खेलनदास कुर्रे ने अपनी पत्नी के मृत्यु उपरांत उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र हेतु संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम अमोरा निवासी रानीबाई ने आमगली को अतिक्रमण करने से बेदखल करने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम चोरभट्ठी के समस्त ग्रामवासी ने गांव के कोटवार को हटाकर दूसरा कोटवार नियुक्ति किये जाने के संबंध मे आवेदन दिया, तहसील बेरला ग्राम मनियारी निवासी रविंद्र भास्कर चौबे ने रोजगार सहायक एवं पंचायत द्वारा कार्यवाही में नही लिये जाने की शिकायत के संबंध में आवेदन दिया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धा पेंशन हेतु दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर सी.ई.ओ जिला पंचायत प्रेमलता मंडावी, एडीएम अनिल वाजपेयी सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /अ 2 वर्ष 2024-25
ग्राम बघर्रा

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका के द्वारा गुड़ उद्योग के लिए औद्योगिक प्रयोजन हेतु अपने भूमि स्वामी हक के निजी कृषि भूमि को व्यपवर्तन किए जाने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 आवेदन पत्र किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	आवेदक/ आवेदिका का नाम	पिता/पति का नाम	जाति	ग्राम का नाम	खसरा नं.	कुल रकबा	प.ह. नं.
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	दिनेश कुमार	श्री जीवन साहू	तेली	बघर्रा (तह. बोडला)	290/3	0.35ए./0.142 हे. लगान 1.12 रू.	17

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा- आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से मेरे न्यायालय में पेशी दिनांक 15.08.2025 को प्रात: 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त तिथि उपरांत प्राप्त दावा- आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 30.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बोडला

संक्षिप्त-खबर

शासकीय मुद्रणालय के वरिष्ठ कर्मचारी जयशंकर श्रीवास्तव सेवानिवृत्त, साथियों ने दी स्नेहिल विदाई

राजनांदगांव। स्थानीय शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय में वरिष्ठ कर्मचारी जयशंकर श्रीवास्तव की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर 31 जुलाई को सेवानिवृत्ति पर स्नेहिल विदाई समारोह आयोजित किया गया। मुद्रणालय के सभी कर्मचारियों ने पारंपरिक रूप से उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ दुर्ग संभाग के अध्यक्ष एवं जिला राजनांदगांव शाखा के सचिव तथा मुद्रणालय के जिला संयोजक आनंदकुमार श्रीवास्तव ने जयशंकर श्रीवास्तव के सेवाकाल की स्मृतियों को साझा करते हुए बताया कि उन्होंने अपने कार्यकाल में सहयोगपूर्ण व्यवहार और अनुशासन का उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य लिपिक श्रीमती अनिता राऊत ने सेवानिवृत्त श्रीवास्तव को गुलाल से तिलक कर शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही, कर्मचारियों की ओर से उन्हें यात्री बैग, स्टील की पानी टंकी, दीवार घड़ी, स्मृति चिह्न और अभिनंदन पत्र सहित उपहार भेंट किए गए। मुद्रणालय के सहायक संचालक नकुल ध्रुव ने भी व्यक्तिगत रूप से उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में श्रीवास्तव के समर्पित सेवा भाव, सौम्य स्वभाव और सहयोगी प्रवृत्ति की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह के अंत में स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई थी। कार्यक्रम का संचालन आनंदकुमार श्रीवास्तव ने किया और सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया। समारोह का वातावरण भावुक और आत्मीयता से परिपूर्ण रहा, जहां सहकर्मियों ने जयशंकर श्रीवास्तव को उनकी स्मृतियों के साथ स्नेहिल विदाई दी।

अवैध जुएं पर रोक लगाने अजीत जोगी युवा मोर्चा ने पुलिस महानिरीक्षक को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव। अजीत जोगी युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमसुल आलम ने बोरतलाब क्षेत्र में बढ़ते अवैध जुएं के अड्डों पर रोक लगाने की मांग को लेकर शनिवार को पुलिस महानिरीक्षक शांडिल्य को ज्ञापन सौंपा। शमसुल आलम ने बताया कि बोरतलाब में बड़े पैमाने पर जुएं का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है, जिससे क्षेत्र के युवाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इस संबंध में क्षेत्रवासियों से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। ज्ञापन सौंपते हुए शमसुल आलम ने कहा कि अवैध जुएं पर लगाम लगाने के लिए शीघ्र ही कठोर कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि थाना बोरतलाब के नाम पहले भी ज्ञापन दिया जा चुका है, लेकिन ठोस कार्रवाई न होने के कारण यह गतिविधि लगातार बढ़ती जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक शांडिल्य ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर जिला महासचिव ऋषभ रामटेके, नमन पटेल, साहिल खान, महेश मेश्राम, आकाश सहित बड़ी संख्या में अजीत जोगी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अरुण गुप्ता बने विश्व हिन्दू परिषद विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रमुख

राजनांदगांव। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के विभाग मंत्री और वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार गुप्ता को विश्व हिन्दू परिषद विधि प्रकोष्ठ का प्रदेश प्रमुख नियुक्त किया गया है। यह घोषणा बिलासपुर में आयोजित परिषद की तीन दिवसीय प्रांतीय बैठक के दौरान की गई। अरुण गुप्ता विगत कई वर्षों से संगठन में सक्रिय रहते हुए विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते आ रहे हैं। श्री गुप्ता पिछले 14 वर्षों से जिला न्यायालय राजनांदगांव में अधिवक्ता के रूप में कार्यरत हैं और वर्तमान में फास्ट ट्रैक कोर्ट में शासकीय विशेष लोक अभियोजक के पद पर भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। संगठन में उनकी दीर्घकालीन सक्रियता, समर्पण और विधि क्षेत्र में उनके अनुभव को देखते हुए परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने कहा कि अधिवक्ताओं का समाज के सभी वर्गों से सीधा जुड़ाव होता है। इसलिए विधि व्यवसाय में रत और राष्ट्र, धर्म तथा संस्कृति के लिए नि:स्वार्थ सेवा भाव रखने वाले अधिवक्ताओं को जोड़ना उनका प्राथमिक उद्देश्य रहेगा। उन्होंने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद एक सामाजिक व धार्मिक संस्था है, जो समाज हित में सतत कार्यरत है और विधि प्रकोष्ठ के माध्यम से भी समाजसेवा के कार्यों को और अधिक सशक्त किया जाएगा। श्री गुप्ता की नियुक्ति पर विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं, अधिवक्ता साथियों, अग्रहरि समाज के लोगों और इष्ट मित्रों ने उन्हें शुभकामनाएं और बधाइयां दीं।

क्या ये वही भूपेश बघेल है,जो आत्मविश्वास और ऊर्जा से भरे कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष थे?

यही पुत्र प्रेम ने अजित जोगी को नई पार्टी बनाने को किया था मजबूर

मनीष श्रीवास्तव(विशेष संवाददाता)

रायपुर(समय दर्शन)। आज के भूपेश बघेल की घबराहट को छत्तीसगढ़ की जनता देख रही हैं।जरा पीछे जाकर देखने में क्या यही वो भूपेश बघेल है,जो आत्मविश्वास और ऊर्जा से भरे कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष थे !जो रमन सरकार से लड़ते हुए जेल जाने पर जमानत लेने से इंकार कर दिए थे।और तभी इनके ऊपर हाईकमान और प्रदेश की जनता की नजर एक फायर ब्रांड नेता के रूप में की गई थी। जेल यात्रा के दौरान ही इन्होंने एक तीर से दो शिकार किए थे,

अजित जोगी की नई पार्टी को इन्होंने चार कदम पीछे धकेल दिया था, और यह तय कर दिया था कि रमन सरकार का अंत तय है।मै व्यक्तिगत तौर पर भूपेश बघेल को जितना जानता हूं,

एक बेहद मजबूत फाइटर नेता रहे है। परंतु इतिहास गवाह है सलाहकार और इर्द गिर्द के लोग हीराजा को बर्बाद कर देते है।

सरकार बनते ही भूपेश बघेल विरोधी को निपटाने में व्यस्त हो गए,और भ्रष्टाचारियों ने उनके पुत्र को अपने जाल में फंसा लिया ।भूपेश बघेल ने यह तो तय कर लिया कि उनको छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी में कोई मात नही दे सकता,पर वे यह भूल गए कि जनता उनको राज सिहासन से हटा सकती है।चाटुकारों से घिरे भूपेश बघेल को शासन के उच्च अधिकारी से लेकर चमचे नेताओं ने वही पिक्चर दिखाया,जो वो देखना चाहते थे।समय का खेल देखिए भूपेश बघेल जमानत से इंकार करके इतने बड़े नेता बन गया है,आज उनका आत्मविश्वास भी इतना डगमगा गया कि,वो अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट के सारे दरवाजे में दस्तक दे रहे है,शायद यही पुत्र प्रेम है,जो अजित जोगी को नई पार्टी बनाने को मजबूर कर दिया था,यही पुत्र मोह आज भूपेश बघेल के आत्मविश्वास को विचलीत कर दिया है।

बसना में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का आकलन शिविर का आयोजन

बसना(समय दर्शन)। महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन एवं डीएमसी महासमुंद रेखराज शर्मा के आदेशानुसार समग्र शिक्षा समावेशी शिक्षा के अंतर्गत कक्षा 1ली से 12वीं तक के दिव्यांग बच्चों का विकास खण्ड स्तरीय चिन्हांकन एवं आंकलन शिविर का आयोजन विकास खंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय बसना में रखा गया।

समावेशी शिक्षा के तहत प्री- प्राइमरी व कक्षा 1ली से 12वीं तक के दिव्यांग छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण समाज कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। यह आयोजन विकासखंड स्तर पर प्रात: 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित किया गया। दिव्यांग छात्र-छात्राओं का शिविर स्थल में विभिन्न दस्तावेज के साथ बच्चों के दिव्यांगता अनुसार 3 फोटो (मानसिक, श्रवण बाधित एवं दृष्टिबाधित बच्चों के दिव्यांगता प्रदर्शित अंग का पासपोर्ट साइज फोटो), आधार कार्ड एवं राशनकार्ड की छायाप्रतियां अनिवार्य दस्तावेज में मांगी गयी। नवीनीकरण हेतु प्रमाण पत्र की मूल प्रति में दिव्यांग प्रमाण बनने के 3 वर्ष पूर्व की तिथि को जांच कर किया गया। प्रमाण पत्र नवीनीकरण हेतु दिव्यांग प्रमाण पत्र की मूल प्रति की मांग की गयी थी। शिविर में 150 छात्र-छात्राओं एवं पालकों का पंजीयन किया गया। जिसमें 22 नवीन पंजीयन, 3 नवीनीकरण एवं 5 को महासमुंद रिफर किया गया तथा जिनके प्रमाण पत्र पूर्व में बन चुके हैं उनको नवीनीकरण तिथि की सूचना देकर आगामी शिविरों में शामिल होने के लिए सूचित किया गया। इस प्रकार कुल 150 छात्र-छात्राओं एवं पालकों ने शिविर का लाभ लिया।

विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि शिविर स्थल में शामिल पालकों, शिक्षकों एवं दिव्यांग बच्चों के लिए दोपहर में स्वादिष्ट भोजन और पेयजल की व्यवस्था किया गया था, जिसके लिए पालकों ने प्रसन्न मन से धन्यवाद ज्ञापित किया।

शिविर में डॉ. मानस अंकुर सतपथी अस्थि रोग विशेषज्ञ, मंजूषा चंद्रसेन नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ.दयानंद होता शिशु रोग विशेषज्ञ, टिकेश्वरी गोस्वामी साइकोलॉजिस्ट, निर्मल साहू ऑडियो लाजिस्ट, संतोष कुमार प्रभारी लिपिक मेडिकल बोर्ड, डॉ. चंचल लहरी नाक,कान,गला विशेषज्ञ,पुकराम कुर्रे अध्यक्ष छ.ग.दिव्यांग शासकीय अधिकारी कर्मचारी संघ, विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद शुक्ला, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा बद्री विशाल जोल्हे,सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लोकेश्वर कंवर,समन्वयक अनिल सिंह साव,आरिफ बेग,डिजेन्द्र कुर्रे, सुरेश नन्द, अमित भोई, प्रफुल्ल साव,वारिश कुमार,सुरेश प्रधान,त्रिकांत बाग,स्पेशल एजुकेटर, शरण दास,अंकित कुमार,सूरज पटेल, पुनित चौहान,विवेक साहू,मंजू का सहयोग सराहनीय रहा।

एनएमडीसी किरंदुल कॉम्प्लेक्स में अत्याधुनिक डाटा सेंटर का उद्घाटन

किरंदुल में डिजिटल युग की नई शुरुआत, एनएमडीसी ने डाटा सेंटर का किया उद्घाटन

दंतेवाडा किरंदुल (समय दर्शन)। एनएमडीसी की किरंदुल कॉम्प्लेक्स परियोजना के नवनिर्मित सीएंडआईटी भवन में अत्याधुनिक डाटा सेंटर का उद्घाटन रवींद्र नारायण, अधिशासी निदेशक, ने फीता काटकर किया। यह डाटा सेंटर एनएमडीसी की डिजिटल परिवर्तन की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आधुनिक डिजिटल युग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

यह डाटा सेंटर ऐप डिलीवरी, डेटा सुरक्षा, और सेवा-स्तरीय उद्देश्यों को सशक्त बनाता है। यह तकनीकी घटकों की स्वचालित निगरानी और समायोजन की क्षमता प्रदान करता है, जिससे परियोजना का परिचालन और अधिक कुशल और सुरक्षित होगा।

उद्घाटन समारोह में के.पी. सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), सुब्रमण्यम, महाप्रबंधक (विद्युत), एस.के. कोचर, महाप्रबंधक, पी.बी. एंटोनी, महाप्रबंधक (सामग्री), के.एल. नागवेणी, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), एस. चिकाटे, उप महाप्रबंधक (सीएंडआईटी), राजेश संधू, विनोद कश्यप, अध्यक्ष, ए.के. सिंह, सचिव, एमएमडब्ल्यू यूनियन, सहित सीएंडआईटी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

यह नया डाटा सेंटर एनएमडीसी किरंदुल परियोजना को तकनीकी नवाचार और डिजिटल उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर करेगा, जिससे परिचालन दक्षता और डेटा प्रबंधन में उल्लेखनीय सुधार होगा।

डंफर ने मोटरसाइकिल को लिया चपेट मे, हुई मौके पर मौत

डंफर ड्राइवर

बसना (समय दर्शन)। बसना मे बीते दिन पदमपुर रोड पर सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में ग्राम सिरको में पदस्थ पोस्टमास्टर कोमलजीत ठाकुर (उम्र लगभग 30 वर्ष) की मौके पर मौत हो गई।

कोमलजीत ठाकुर अपने बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल से बसना स्थित मेन पोस्ट ऑफिस आ रहे थे, तभी मिलन वस्त्रालय के सामने शिव मंदिर के पास तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डंपर क्रमांक CG04 PD 9866 के चालक ने वाहन को तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए कोमलजीत की बाइक को पीछे से ठोकर मार दी।

इस भीषण टक्कर में कोमलजीत को सिर सहित शरीर के अन्य भागों में गंभीर चोटें आईं। तत्काल उन्हें बसना के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलने पर कोमलजीत के पिता ठाकुरदिया कला निवासी प्रधान पाठक, जो वर्तमान में प्राथमिक शाला जोगीदादर में पदस्थ हैं, अस्पताल पहुंचे।

उन्होंने बताया कि वह सुबह 11 बजे स्कूल चले गए थे, और दोपहर लगभग 2 बजे उन्हें हादसे की सूचना मिली।

कोमलजीत अपने पिता के साथ बसना में किराए के मकान में निवासरत थे। इस दुखद घटना ने पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैला दी है।

प्रकरण में धारा 184-लापरवाही से वाहन चलाना एवं 106(1)-बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई जारी है।

घटना घटने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को व्यवस्थित किया।

गौरतलब है कि बसना पदमपुर रोड मे हमेशा भीड़ भाड़ की स्थिति रहती है। बीते सोमवार को क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु शिव मंदिर में श्रावण सोमवार के शुभ अवसर पर भलाभिषेक करने पहुँच रहे थे। गहमा गहमी के बीच इस व्यस्ततम रोड मे पुलिस विभाग की अनदेखी को भी

लोग हादसे का कारण मान रहे है। यदि शुरू से ही इस भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में पुलिस बल व्यवस्था संभाले तो शायद ऐसी दुर्घटनाओं पल काबू पाया जा सकता है।

गोस्वामी तुलसीदास का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

कवर्धा (समय दर्शन)। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में 31 जुलाई 25 को श्री तुलसी मानस मित्र मंडली द्वारा गोस्वामी तुलसीदास का जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा व भक्ति भाव से मनाया गया। इस पावन अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें रामचरित मानस के सुंदर प्रसंगों का गायन किया गया एवं तुलसीदास की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने गोस्वामी तुलसीदास के व्यक्तित्व, काव्यशक्ति, तथा रामभक्ति की महिमा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। यह आयोजन धार्मिक आस्था, संस्कृति और लोक-परंपरा को आगे बढ़ाने की दिशा में एक प्रेरणादायक प्रयास रहा। तुलसी मानस मित्र मंडली के सक्रिय सदस्य तामेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम की अगुवाई मंडली के संचालक हरि विश्वकर्मा (सेवानिवृत्त शिक्षक) ने की। मुख्य वक्ताओं में मंडली के सदस्य अश्विनी कुमार पांडे (सेवानिवृत्त), हरि शुक्ला (शिक्षक), पंडित विसाहू प्रसाद, आदित्य श्रीवास्तव, गोपीदास मानिकपुरी एवं तुलसी मानस मित्र मंडली के अध्यक्ष छत्रपाल पुरी गोस्वामी एवं कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार साहू, प्रबुद्ध शर्मा प्राचार्य शारदा संगीत महाविद्यालय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में महासमुन्द का उत्कृष्ट प्रदर्शन

- पूनम पटले, इंद्राणी भास्कर, गायत्री चौधरी व भामिनि साहू ने जीता 07 पदक

महासमुंद (समय दर्शन)। छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 6वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन दिनांक 1 से 3 अगस्त तक सीनियर क्लब, बुधवारी चौक, कोरबा में आयोजित किया गया।

जिसमें महासमुंद जिले की सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर ए, बी, सी महिला टीम शामिल हैं। महासमुंद जिले से गायत्री चौधरी, आकांक्षा प्रधान, नेहा पटेल, निधि पटेल, तेजस्विनी पंकज, जसोबंती पूंजी, भामिनी साहू, इंद्राणी भास्कर, पूनम पटले, प्रशिक्षक नेहा नायक, मैनेजर डॉ. चमन लाल साहू शामिल हुए। महासमुंद की महिला प्रतिभागियों ने 07 मेडल जीत कर महासमुंद जिले का नाम राज्य में गौरवान्वित किया। जिसमें सीनियर सी 45 से 55 वर्ष में पूनम पटले ने सुपाइन इवेंट में स्वर्ण पदक एवं ट्रेडिशनल इवेंट में रजत पदक जीता, सीनियर बी 35 से 45 वर्ष में इंद्राणी भास्कर ने बैक बैंड इंडिविजुअल इवेंट में रजत पदक एवं ट्रेडिशनल इवेंट में कांस्य पदक जीता, सीनियर ए 28 से 35 वर्ष में गायत्री चौधरी ने फॉरवर्ड बैक इवेंट में रजत पदक जीता, सब जूनियर वर्ग 10 से 14 वर्ष में भामिनी साहू पिता चंद्रप्रकाश साहू ने फॉरवर्ड बैंड इंडिविजुअल इवेंट में रजत पदक एवं ट्रेडिशनल इवेंट में कांस्य पदक जीता। इससे पहले जिले के पुरुष टीम ने 25 से 27 जुलाई तक रायगढ़ में भरत ने ट्रेडिशनल इवेंट एवं इंडिविजुअल ट्विस्टिंग बॉडी इवेंट में 02 स्वर्ण पदक, इंडिविजुअल हैंड बैलेंस इवेंट में हिमांशु साहू ने स्वर्ण पदक, आर्टिस्टिक पेयर इवेंट में ओंकार साहू एवं जिज्ञासु साहू ने रजत पदक, इंडिविजुअल हैंड बैलेंस इवेंट में जिज्ञासु साहू ने कांस्य पदक, इंडिविजुअल हैंड बैलेंस इवेंट में देवेंद्र दीवान ने रजत पदक जीतकर महासमुंद जिले का नाम गौरवान्वित किया। खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन करने व पदक जीतने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरें, जिला योगासन स्पोर्ट्स संघ अध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य, उपाध्यक्ष हिरेंद्र देवांगन, सचिव गणेश राम कोसरे, कोषाध्यक्ष सेवन दास मानिकपुरी, हिरेंद्र साहू, छन्नू साहू, वेदराम, नीलम साहू, प्रभा साहू, वैशाली ठाकुर, कामता साहू, तृषा शर्मा, इंद्राणी भास्कर, अंजनी साहू, नेहा नायक, सत्यनारायण दुर्गा, रामेश्वरी दीवान, तोरण यादव, संदीप पटले, दीपांशु, प्रियांशु पटले, भरत साहू, ओंकार साहू, देवेंद्र दीवान एवं पालकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.), पिन-491111 से मुद्रित कर 65/1920, परशुराम नगर प्रोफेसर कालोनी, रायपुर (छ.ग.) पिन- 492001 से प्रकाशित। संपादक :- दामोदर राव, फोन नं.-0771-4218364, मो. 9303404360, ईमेल- samaydarshanraipur@gmail.com, RNI: CHHHIN/2018/76878, डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/63/2025-27